




सांध्य दैनिक

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच








वर्ष- 15 अंक - 141 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, सोमवार 4 मार्च 2024 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


# फिर विजय पताका फहराने की तैयारी!

## भाजपा ने 9 में से 7 सांसदों के टिकट काटे पर विजय बघेल पर जताया भरोसा

श्रीकंचनपथ न्यूज़ डेस्क

**रायपुर।** दुर्ग में एक बार फिर विजय पताका फहराने का शंखनाद हो गया है। भाजपा ने छत्तीसगढ़ के अपने 9 में से महज 2 ही सांसदों पर दोबारा भरोसा जताया है। इनमें से एक दुर्ग संसदीय सीट से विजय बघेल हैं। छत्तीसगढ़ में सरकार बनाने में विजय बघेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने भाजपा के घोषणा-पत्र को मोदी की गारंटी का जामा पहनाया, जिसने मतदाताओं का मन बदलने में अहम् भूमिका निभाई। परिणामस्वरूप कांग्रेस की सरकार को सत्ताच्युत किया जा सका। वैसे, शीर्ष नेतृत्व द्वारा विजय बघेल पर भरोसा जताने के पीछे सबसे बड़ी वजह उनका जमीनी नेता होना और पार्टी के रणनीतिकार अमित शाह की गुडबुक में शामिल होना भी रहा है। हालिया सम्पन्न विधानसभा चुनाव में विजय बघेल ने तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफ स्वयं चुनाव लड़ने का फैसला किया था। पार्टी ने उनके निर्णय का सम्मान करते हुए उन्हें पाटन क्षेत्र से टिकट भी दी। हालांकि विजय बघेल चुनाव जीत नहीं पाए, लेकिन उनके इस फैसले से हाईकमान में उनकी बढ़िया छवि उभरी।

2023 के विधानसभा चुनाव में पार्टी आलाकमान ने विजय बघेल को एक बड़ी जिम्मेदारी दी। उन्हें चुनाव घोषणा-पत्र समिति का अध्यक्ष बनाया गया। इसके बाद विजय बघेल ने पूरे प्रदेश का दौरा कर कार्यकर्ताओं और आम जनता से घोषणा-पत्र को लेकर राय मांगी और इसे दस्तावेजी आकार-प्रकार दिया गया। बाद में इसी घोषणा-पत्र को मोदी की गारंटी माना गया। घोषणा-पत्र में शामिल किए गए मुद्दों ने आम जनमानस पर गहरा असर छोड़ा, जिसके बाद पूरे प्रदेश में भाजपा के पक्ष में माहौल बना। जबकि इससे पहले तक तमाम सर्वे और चुनावी रिपोर्ट्स कांग्रेस की सरकार रिपीट होने की बातें कह रही थी। माना जाता है कि चुनावी घोषणा पत्र जारी होने के बाद राज्य के मतदाताओं, खासतौर पर महिलाओं ने भाजपा के पक्ष में बढ़-चढ़कर वोटिंग की। पार्टी द्वारा दूसरी बार प्रत्याशी बनाए पर विजय बघेल ने आलाकमान का आभार जताया है। उन्होंने स्वयं पर भरोसा जताने के लिए संगठन को भी धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि 2019 में विपक्ष में रहते हुए भी उन्होंने 3 लाख 91 हजार मतों के अंतर से जीत हासिल की थी। इस बार जीत का मार्जिंग डबल करेंगे। उन्होंने राज्य की सभी 11 सीटों पर जीत दर्ज करने की भी बात कही। इधर, बघेल को टिकट मिलने के बाद कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है। पिछले दो दिनों से उनके यहां बधाई देने वालों का हुजूम उमड़ रहा है।



### कद्दावर नेता हैं विजय

विजय बघेल को भाजपा के कद्दावर और तेज तर्रार नेता के रूप में जाना जाता है। हालांकि वे राजनीति में लम्बे समय से सक्रिय हैं, लेकिन वर्ष 2000 में उन्होंने चरोदा नगर पालिका का चुनाव निर्दलीय लड़कर जीत हासिल की थी। उन्हें छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी माना जाता है। हालांकि रिश्ते में वे भूपेश बघेल के भतीजे लगते हैं। 2023 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने उन्हें तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफ पाटन से उतारा था, जिसमें कड़ी टक्कर के बाद विजय बघेल को पराजय मिली। भले ही विजय को इस चुनाव में हार का सामना करना पड़ा, लेकिन पार्टी की रणनीति के तहत वे तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को सीमित करने में कामयाब रहे। भाजपा में शीर्ष स्तर पर इसकी सराहना हुई। गौरतलब यह भी है कि 2008 के विधानसभा चुनाव में विजय बघेल ने भूपेश बघेल को पराजित किया था।

### अब तक का राजनीतिक सफर



कभी कांग्रेस के ब्लाक अध्यक्ष रहे विजय बघेल ने सन् 2000 में कांग्रेस से बगावत कर निर्दलीय भिलाई-3 चरोदा नगर पालिका अध्यक्ष का चुनाव लड़ा। इस चुनाव को जीतकर उन्होंने राष्ट्रीय दलों का ध्यान अपनी ओर खींचा। उन्होंने इस पद पर अपना पंचवर्षीय कार्यकाल पूरा किया, लेकिन इससे पहले 2003 में एनसीपी ने उन्हें विधानसभा चुनाव में अपना प्रत्याशी घोषित किया। विजय बघेल इस चुनाव में दूसरे स्थान पर रहे। यह एक बड़ी उपलब्धि इसलिए भी थी क्योंकि एनसीपी पहली बार चुनाव लड़ रही थी। इस चुनाव में विजय बघेल को जो वोट मिले, वह उनका स्वयं का वोट-बैंक था। इसके बाद 2004 में विजय बघेल ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। 2008 में भाजपा ने उन्हें पाटन के तत्कालीन विधायक भूपेश बघेल के खिलाफ मैदान में उतारा। इस चुनाव में जीत हासिल कर विजय बघेल को जेल, गृह व सहकारिता विभाग का संसदीय सचिव बनाया गया। वे भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी में सदस्य भी रहे। 2019 में पार्टी ने उन्हें दुर्ग संसदीय क्षेत्र से प्रत्याशी घोषित किया। इस चुनाव में उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी प्रतिमा चंद्राकर को हराकर पहली बार संसद में कदम रखा।

### सामाजिक गतिविधियों में रहे आगे

विजय बघेल प्रारम्भ से ही सामाजित गतिविधियों में हिस्सेदारी करते रहे हैं। वे वर्तमान में सर्व कुर्मी क्षत्रिय समाज के प्रदेश अध्यक्ष हैं। यह दूसरा अवसर है, जब उन्हें समाज का अध्यक्ष बनाया गया। इससे पहले विजय बघेल मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज छत्तीसगढ़ के केन्द्रीय युवा अध्यक्ष रहे। सर्व कुर्मी क्षत्रिय समाज के छत्तीसगढ़ के महामंत्री का पद का दायित्व भी उन्होंने निभाया। सिर्फ कुर्मी समाज की ही बात करें तो दुर्ग क्षेत्र में उनकी आबादी करीब 20 फीसद है। विगत लोकसभा चुनाव में उन्हें न केवल कुर्मी बल्कि सभी समाजों का भरपूर समर्थन मिला था। यही वजह रही है कि वे 3 लाख 91 हजार मतों के बड़े अंतर से जीत हासिल करने में कामयाब रहे। इसके अलावा वे विगत 10 वर्षों से वेट लिफ्टिंग संघ छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष, विगत 13 वर्षों से रोल बॉल खेल संघ के अध्यक्ष, 8 वर्षों तक छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के अध्यक्ष और इतने ही समय से राष्ट्रीय वेट लिफ्टिंग खेल संघ के उपाध्यक्ष रहे।

## खास-खबर



### पीएम मोदी ने तेलंगाना को दी 56 हजार करोड़ की सौगात, बोले यह विकास का नया अध्याय

**अदिलाबाद।** पीएम मोदी तेलंगाना दौरे पर हैं। सोमवार को प्रधानमंत्री मोदी ने तेलंगाना के आदिलाबाद में 56 हजार करोड़ रुपए की कई विकास परियोजना का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस दौरान एक जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि 'आज आदिलाबाद की धरती तेलंगाना ही नहीं बल्कि पूरे देश के लिए विकास की गवाह बन रही है। आज 30 से ज्यादा विकास कार्यों के लोकार्पण और शिलान्यास का अवसर मुझे यहां मिला है। 56 हजार करोड़ रुपए के ये प्रोजेक्ट तेलंगाना समेत देश के अनेक राज्यों में विकास का नया अध्याय लिखेंगे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि 'पिछले 10 वर्षों में हमारी सरकार ने तेलंगाना के विकास के लिए कहीं ज्यादा राशि खर्च की है। हमारे लिए विकास का मतलब है- गरीब से गरीब का विकास, दलित, वंचित, आदिवासियों का विकास। हमारे इन प्रयासों का परिणाम है कि आज 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आ चुके हैं, ये हमारी गरीब कल्याण योजनाओं की वजह से मुमकिन हुआ है। विकास के इस अभियान को अगले 5 वर्षों में और तेजी से आगे बढ़ाया जाएगा।

### सनातन धर्म पर बयान मामले में उदयनिधि को सुप्रीम कोर्ट की फटकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को तमिलनाडु के मंत्री उदयनिधि स्टालिन की सनातन धर्म पर की गई टिप्पणियों को लेकर उन्हें फटकार लगाई। सर्वोच्च न्यायालय ने उनके इस बयान पर सवाल उठाते हुए कहा कि आप कोई साधारण व्यक्ति नहीं हैं। आप एक मंत्री हैं। आपको ऐसी टिप्पणियों के नतीजे पता होने चाहिए।

दरअसल, उदयनिधि के खिलाफसनातन धर्म पर विवादित टिप्पणी के मामले में अलग-अलग राज्यों में केस दर्ज हैं। इसी मामले में उनके वकील ने सुप्रीम कोर्ट से सभी एफआईआर की एक साथ सुनवाई करने की अपील की है। हालांकि, कोर्ट ने स्टालिन को फटकार लगाते हुए कहा कि आप अभिव्यक्ति के अधिकार और धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकारों का उल्लंघन करें और फिर अनुच्छेद 32 के तहत सुप्रीम कोर्ट के पास सुरक्षा के लिए आते हैं।

# वोट के बदले नोट मामले में माननीयों को नहीं मिलेगी मुकदमे से राहत

**नईदिल्ली।** सांसदों और विधायकों को वोट के बदले रिश्वत लेने के मामले में मुकदमे से मिली राहत छिन सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने इस छूट पर अपनी असहमति जताई है और साल 1998 में दिए अपने पिछले फैसले को पलट दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने वोट के बदले नोट मामले में सांसदों-विधायकों को आपराधिक मुकदमे से छूट देने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि संसदीय विशेषाधिकार के तहत रिश्वतखोरी की छूट नहीं दी जा सकती। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली सात जजों की संविधान पीठ इस मामले पर अपना फैसला सुनाया। मुख्य न्यायाधीश के अलावा संविधान पीठ में जस्टिस ए एस बोपन्ना, जस्टिस एम एम सुंदरेश, जस्टिस पी एस नरसिम्हा, जस्टिस जेपी पारदीवाला, जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस मनोज मिश्रा शामिल रहे।

सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर पीएम मोदी ने ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में फैसले का स्वागत किया और लिखा 'स्वागतम! माननीय सुप्रीम कोर्ट का एक अच्छा फैसला, जो बेदाग राजनीति और व्यवस्था में लोगों के विश्वास को पुख्ता करेगा।

# महापौर नीरज पाल ने पेश किया भिलाई निगम का अपना तीसरा बजट, 620 करोड़ 51 लाख से होंगे विकास कार्य

- तक्षशिला, आउटसोर्सिंग सेंटर व स्टार्टअप और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा



**भिलाई।** महापौर नीरज पाल ने आज अपने कार्यकाल का तीसरा बजट पेश किया। बजट में शहर एवं जनहित के काम में वित्तीय वर्ष 2024-25 में 620 करोड़ 51 लाख 3 हजार रुपए व्यय करने का प्रावधान रखा गया है। महापौर ने शहर के युवाओं की बेहतर शिक्षा के लिए तक्षशिला निर्माण, रोजगार उपलब्ध कराने बिजनेस प्रोसेसिंग आउटसोर्सिंग सेंटर व स्टार्टअप को बढ़ावा देने की मंशा बजट में जताई है। इसके अलावा महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य सुविधाएं, सड़कों का विकास व सौंदर्यीकरण, मांगलिक भवन, शिक्षा, खेल, वृक्षारोपण, जल-संरक्षण, स्वच्छता व्यवस्था आदि के लिए भी बजट में राशि प्रावधानित किया गया है।

नगर निगम की सामान्य सभा में आज सभापति गिरवर बंटी साहू के निर्देश पर महापौर नीरज पाल ने बजट प्रस्तुत किया। निगम आयुक्त द्वारा प्रस्तुत वर्ष 2024-25 के अनुमानित बजट में प्रांरभिक शेष राशि 132 करोड़ 93 लाख 49 हजार एवं आय 593 करोड़ 21 लाख 1 हजार, इस प्रकार कुल 726 करोड़ 14 लाख 50 हजार के विरुद्ध 654 करोड़ 92 लाख 29 हजार का व्यय अनुमानित है, एवं 71 करोड़ 22 लाख 21 हजार बचत का अनुमान है। उपरोक्त प्रस्ताव पर महापौर परिषद पर चर्चा उपरान्त प्रांरभिक शेष राशि 132 करोड़ 93 लाख 49 हजार एवं आय 585 करोड़ 48 लाख 44 हजार इस प्रकार कुल 718 करोड़ 41 लाख 93 हजार के विरुद्ध 620 करोड़ 51 लाख 3 हजार का व्यय संशोधन एवं सुझाव के साथ 97 करोड़ 90 लाख 90 हजार अंतिम शेष राशि का अनुमान है।

बजट के बाद नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा ने सभी पार्षदों से उनकी भावनाओं को आमंत्रित कर सदन में विस्तृत चर्चा कराने की मांग रखी। महापौर ने कहा कि बिना किसी तैयारी के पार्षदों से आने वाले सवाल का तत्काल जवाब दिया जाना संभव नहीं है। लिहाजा सभापति ने पार्षदों को लिखित में सवाल देने के साथ ही जवाब के लिए आगामी 7 मार्च को तक के लिए सामान्य सभा को स्थगित कर दिया।

इससे पहले सालाना बजट वाचन करते हुए महापौर नीरज पाल ने बताया कि भिलाई के युवाओं की बेहतर शिक्षा व्यवस्था के लिए शासन से स्वीकृत 20 करोड़ की राशि से तक्षशिला निर्माण किया जाएगा। जहां पर 1000 सिटिंग कैपेसिटी का सेन्ट्रल लाइब्रेरी के साथ नाट्य कला एवं संगीत शिक्षा हेतु आडिटोरियम की व्यवस्था बनेगी। बिजनेस प्रोसेसिंग आउटसोर्सिंग सेंटर से शहर के युवाओं को रोजगार के साथ आईटी की दिशा में आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। पिछले बजट के तहत खुर्सीपार में बीपीओ काल सेंटर का संचालन किया जा रहा है। जिसमें 350 से अधिक युवाओं को सीधे रोजगार से जोड़ा गया है। इसकी सफलता को देखते हुए वैशाली नगर में नया बीपीओ काल सेंटर शुरू किया जाएगा। शहर में स्टार्टअप उद्यमिता को बढ़ावा देने यूआईपीए अर्बन इंडस्ट्रियल पार्क बनाया जाएगा। महिला सशक्तिकरण की दिशा में खुर्सीपार के निर्माणाधीन जिले की पहली गारमेंट फैक्ट्री का उल्लेख करते हुए महापौर नीरज पाल ने बताया कि यहां का 60 फीसदी काम हो चुका है। निर्माण पूरा होने पर शहर की एक हजार से अधिक महिलाओं को रोजगार मिलेगा। स्वास्थ्य सुविधाओं के तहत दाई दीदी मेडिकल यूनिट से महिलाओं को नि:शुल्क चिकित्सा सुविधा मिलती रहेगी।

### शहीदों को सम्मान देने की घोषणा

महापौर नीरज पाल ने अपने अभिभाषण में देश और प्रदेश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों को सम्मान देने की घोषणा की है। उन्होंने बताया कि शहीद कौशल यादव, शहीद अमित नायक और शहीद चुम्मन यादव जैसे वीर सपूतों का स्मारक बनाकर हमने भिलाई की यादों में उन्हें सहेजा है। इसी परम्परा को आगे बढ़ाते हुए इंफाल में शहीद लेफ्टिनेंट कर्नल कपिल देव पाण्डेय की स्मृति में नेहरू नगर में खेल मैदान का निर्माण और हाल ही में बस्तर में शहीद हुए राम आशीष यादव की स्मृति में स्मारक बनाया जाएगा।

# सबका साथ और विकास पर लड़ेंगे चुनाव : सरोज पाण्डेय

- लोकसभा प्रत्याशी घोषित होने के बाद पहली बार पहुंची, कार्यकर्ताओं ने किया जोशिला स्वागत

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** लोकसभा प्रत्याशी घोषित होने के बाद पहली बार कोरबा पहुंची सरोज पाण्डेय का सुतर्रा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोशिला स्वागत किया। इस दौरान भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडे ने कहा है कि सबका साथ, सबका विश्वास के नारे के साथ इस चुनाव को लड़ा जाएगा। इससे पहले टिकट की घोषणा होने पर दीपिका कोयलांचल में कार्यकर्ताओं ने उत्साह दिखाया और मिठाई बांटी।

लोकसभा और राज्यसभा के साथ-साथ विधानसभा की सदस्य रह चुकीं सरोज पांडे को अब कोरबा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा ने अपना प्रत्याशी बनाया है। उनके नाम की घोषणा एक दिन पहले की गई है। प्रत्याशी चयन के एक दिन बाद सरोज पांडे की उपस्थिति कोरबा जिले में हुई। सुतर्रा में उनके आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उत्साह दिखाया और उनका स्वागत किया। लोकसभा प्रत्याशी सरोज पांडे ने कहा कि प्रधानमंत्री की आह्वान पर छत्तीसगढ़ में चुनाव लड़ रहे हैं उन्हें कोरबा लोकसभा से चुना गया है सबका साथ और विकास पर लड़ेंगे चुनाव, और जीत दर्ज करेंगे।

कोरबा शहर पहुंचने पर स्थानीय पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर सरोज पांडे का स्वागत किया। इससे पहले सरोज पांडे को प्रत्याशी बनाने की घोषणा होने पर कोयलांचल दीपिका में भाजपा कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह दिखा। स्वागत के साथ कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटी।




# पहले कुपोषण और अब मोटापा

श्रीकंचनपथ




पहले बच्चों का कुपोषण एक बड़ा सिरदर्द था। सिकुड़े कंधे, टेढ़ी टांगें और बड़ा सा पेट लिये बचपन, माता-पिता के साथ ही देश के नीति नियंताओं को भी डराता था। गांव-गांव में शिविर लगाने वाले एनजीओ और चिकित्सक बच्चों की यह स्थिति देखकर परेशान हो जाया करते थे। पर अब समस्या दूसरी है। गांव के बच्चे तो एक उम्र के बाद फिर भी शारीरिक रूप से इतना सक्रिय हो जाते हैं कि उन्हें देखकर कहना मुश्किल हो जाता है कि वो कभी कुपोषित और बेडौल भी हुआ करते थे। अब समस्या शहरी आबादी के बच्चों को लेकर है। इनकी आंखें तेजी से जवाब दे रही हैं। छोटे बच्चों में स्पांडिलोसिस के लक्षण दिखाई दे रहे हैं। बिंज ईटिंग और फास्टफूड उन्हें एक ऐसा मोटापा दे रहा है, जो उन्हें बहुत-बहुत गंभीर रूप से बीमार बना सकता है। जिस युवा आबादी का भारत दिन-रात ढोल पीट रहा है, उसके नौनिहालों का ऐसा हश्र देखकर किसी को भी रोना आ सकता है। बाल मोटापा या चाइल्डहुड ओबेसिटी के लिए विशेषज्ञ कई कारण बताते हैं। इनमें से प्रमुख हैं कोल्ड ड्रिंक, खूब नमक वाले स्नैक्स, अति भोजन, शारीरिक सक्रियता एवं श्रम का अभाव, पर्यावरणीय प्रभाव, सामाजिक-सांस्कृतिक परिवेष तथा पारिवारिक माहौल। दरअसल, बच्चों का लालन-पालन ही हाशिए पर चला गया है। बच्चों को पौष्टिक भोजन सही अनुपात में केवल घर पर मिल सकता है। पर जिन घरों में नाश्ता बनता ही नहीं, वहां शाम की टिफिन की कौन चिंता करता है। तीन दशक पहले तक भी भिलाई के तकरीबन परिवारों में शाम को भी कुछ न कुछ बनता था। सुबह का नाश्ता, दोपहर और रात का भोजन भी सभी के लिए अनिवार्य था। ड्यूटी जाने वाले बीएसपी कर्मी भी टिफिन लेकर जाते थे। समय पर घर का भोजन उन्हें स्वस्थ रखता था। बच्चे स्कूल में और स्कूल से लौटने के बाद खेल के मैदान में होते थे। और आज की स्थिति देखिए। साल भर का बच्चा भी बिना मोबाइल पर कार्टून देखे खाना नहीं खाता। भोजन के साथ मोबाइल और टीवी का यह कनेक्शन खुद बड़ों ने उन्हें दिया है। एक बार हाथ में जो मोबाइल फोन आया तो फिर यह छूट नहीं पाता। रील्स, शार्ट्स, गेम्स और व्हाट्स अप यूनिवर्सिटी उसे जीवन पर्यंत व्यस्त रखते हैं। यह शौक उन्हें इतना व्यस्त रखता है कि घर पर रहकर भी खाना बाहर का खाना पड़ता है। मोबाइल फोन पर आर्डर और टेस्टी फूड की होम डिलीवरी। भारत एक विशाल आबादी का देश है। कम आबादी वाले विकसित देशों के लिए यह समस्या छोटी हो सकती है पर भारत को यह इकलौती समस्या नेस्तनाबूद कर देगी। वैसे भी आंकड़े बता रहे हैं कि भारत जल्द ही बाल मोटापे से ग्रस्त दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा देश बन जाएगा। पहले पायदान पर अमेरिका है, दूसरे पायदान पर चीन। तो क्या भारतीय मध्यमवर्ग के पास बढ़ता पैसा, बन्दर के हाथ में मोतियों की माला साबित हो रहा है।




## संपादकीय

### इंसान की पूंछ

यह सवाल पुराना है कि इंसानों की पूंछ कहां गई? अमेरिकी शोधकर्ताओं ने मनुष्यों और अन्य वानरों द्वारा साझा किए जाने वाले आनुवंशिक परिवर्तनों की पड़ताल की है। अनुमान है कि लगभग 2.5 करोड़ वर्ष पहले हमारे पूर्वजों ने अपनी पूंछ गंवा दी थी। वास्तव में पूंछ संबंधी यह खोज ढाई वर्ष पहले हो गई थी, किंतु व्यावहारिक रूप से चूहों पर कुछ परीक्षण कार्य चल रहा था। जीन-संपादित चूहों के कई उपभेदों को विकसित करने और अतिरिक्त परीक्षण करने की जरूरत थी, ताकि आनुवंशिक परिवर्तनों का प्रभाव स्पष्ट रूप से सामने आए। इस कार्य में शोधकर्ताओं को सफलता मिली है और उसके बाद ही शोध का नेचर पत्रिका में प्रकाशन हुआ है। जीनोम में इंसानों के समान ही बदलाव करके चूहों की पूंछ को छोटा या खत्म करना संभव है। इस नई शोध का सर्वाधिक श्रेय आनुवंशिकीविद बो जिया को दिया जा रहा है। पूंछ का सवाल उन्हें बचपन से परेशान करता आ रहा था और कुछ साल पहले इस विषय पर शोध की जरूरत उन्हें इसलिए महसूस हुई, क्योंकि वह खुद टेलबोन की चोट से उबर रहे थे। न्यूयॉर्क विश्वविद्यालय में पीएचडी के दौरान ही उन्होंने इस पर गंभीरता से काम शुरू कर दिया था और अब उनकी टीम की मेहनत रंग लाई है। अधिकांश बंदरों के विपरीत, वानरों - जिनमें मनुष्य भी शामिल हैं - और उनके करीबी विलुप्त रिश्तेदारों की पूंछ नहीं होती है। उनका कोक्सीक्स या टेलबोन कशेरुकाओं का एक अवशेष है, जो अन्य जानवरों में अभी भी पूंछ का निर्माण करता है। इस विशेषता या बदलाव का आनुवंशिक आधार डॉक्टर जिया और उनकी टीम ने ढूंढ लिया है। अब डॉक्टर जिया कैम्ब्रिज, मैसाचुसेट्स में एमआईटी और हार्वर्ड के ब्रॉड इंस्टिट्यूट में शोधरत हैं। यह स्पष्ट है कि जीन के प्रभाव में ही इंसानों की पूंछ गायब हुई है। कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय द्वारा बनाए गए जीनोम ब्राउजर से पता चला है कि मनुष्य और अन्य वानरों में टीबीएक्सटी डीएनए सम्मिलन होता है, जो बंदरों जैसी पूंछ वाले अन्य जीवों के पास नहीं होता है। टीबीएक्सटी के माउस संस्करण की प्रतिलिपि वाले जीन-संपादित चूहों में पूंछ दोषों की एक श्रृंखला थी। शोध या परीक्षण के दौरान कुछ चूहों की पूंछ छोटी हो गई थी या पूरी तरह गायब हो गई थी या कुछ दूसरे प्रकार के भी प्रभाव हुए थे। जब टीबीएक्सटी के चूहा या माउस संस्करण में वानर आनुवंशिक को मिलाया जाए, तो पूंछ का नुकसान हो सकता है। यह भी एक रोचक खोज है कि पूंछ के विकास के लिए करीब 140 जीन जिम्मेदार हो सकते हैं। मतलब, मानव का विकास ही ऐसे हो रहा था कि पूंछ का अंत होना ही था। शोधकर्ताओं ने पता किया है कि बीती सदियों में वानरों या मनुष्यों में हजारों आनुवंशिक परिवर्तन हुए हैं और अभी भी हो रहे हैं। आनुवंशिक तंत्र की वजह से ही पूंछ इंसानों के शरीर से विदा हो चुकी है, लेकिन इंसान अपनी पूंछ को भूल नहीं पा रहा है। जब पूंछ विदा हुई होगी, तो इंसानों को सीधे चलने में सुविधा हुई होगी और उनका पेड़ों पर चढ़ना कम हुआ होगा। बहरहाल, जीवाश्मों से भी पता चलता है कि प्रारंभिक वानर पेड़ों पर रहने वाले बंदरों की तरह चार पैरों पर चलते थे और लाखों साल बाद दो पैरों पर चलने की क्षमता विकसित हुई। वैसे, वानर ही ऐसे एकमात्र प्राइमेट नहीं हैं, जिनके पास पूंछ नहीं है : मैंड्रिल, कुछ मकाओ और बड़ी आंखों वाले लोरिस की भी पूंछ नहीं होती है, जिससे पता चलता है कि पूंछ न होने का गुण अनेक जीवों में विकसित हुआ है।

> शोध या परीक्षण के दौरान कुछ चूहों की पूंछ छोटी हो गई थी या पूरी तरह गायब हो गई थी या कुछ दूसरे प्रकार के भी प्रभाव हुए थे। जब टीबीएक्सटी के चूहा या माउस संस्करण में वानर आनुवंशिक को मिलाया जाए, तो पूंछ का नुकसान हो सकता है। यह भी एक रोचक खोज है कि पूंछ के विकास के लिए करीब 140 जीन जिम्मेदार हो सकते हैं।

> इसमें कोई शक नहीं है कि भाजपा ने 2024 के लिए बहुत बड़ा लक्ष्य रखा है और वह न केवल चुनाव जीतना चाहती है, बल्कि साल 2019 के प्रदर्शन में भी सुधार करना चाहती है। पिछली बार 303 सीटें मिली थीं और इस बार 370 से ज्यादा सीटें जीतने की योजना है। ऐसे में, जाहिर है, भाजपा ऐसे नेताओं को ही मैदान में उतारेगी, जो जीतने में सक्षम होंगे।

# प्रत्याशी घोषणा में बढ़त के मायने

राहुल वर्मा
फेलो, सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च

किसी भी जंग में समय रहते बड़ी सेना उतारने के अपने फायदे हैं। चुनावी मैदान में भी पहले आई सेना को ताकत स्वत: ही कुछ ज्यादा हो जाती है। इस लिहाज से देखें, तो भारतीय जनता पार्टी के 195 लोकसभा प्रत्याशियों की सूची सबसे जल्दी आ गई है और उसके बाद चुनावी सरगर्मी भी बहुत बढ़ती जा रही है। ज्यादातर लोगों का चुनावी विश्लेषण इसी आधार पर रहता है कि कितने ओबीसी को टिकट दिए, कितने एसटी को टिकट दिए। विश्लेषण में सामाजिक समीकरणों पर ध्यान देने की कोशिश होती है। अभी जब राज्यसभा के चुनाव हुए थे, उसमें भी यही देखा जा रहा था कि कैसे भारतीय जनता पार्टी जीतने के लिए अलग-अलग तरह से कोशिशें कर रही है।

सूची देखकर लगता है, भाजपा ने टिकट देते समय विभिन्न वर्गों का ध्यान रखा है। युवाओं को भी तरजीह मिली है। भाजपा के 47 प्रतिशत प्रत्याशी ऐसे हैं, जिनकी उम्र 50 से भी कम है। युवा नेताओं पर ज्यादा भरोसा करना वाकई कारगर साबित हो सकता है। बहरहाल, किसको टिकट मिला से ज्यादा चर्चा इस बात की हो रही है कि किसका टिकट कट गया। भाजपा ने ढेर सारे सांसदों और मंत्रियों के टिकट काट दिए हैं। दिल्ली को अगर देखें, तो 7 सीटों में चार सीटों पर पिछली बार जीते प्रत्याशी को मौका नहीं दिया है।

खैर, अगर हम यह देखने की कोशिश करें कि किस आधार पर टिकट कटा है या किस आधार पर बंटा है, तो इसका कोई तय ढर्रा या पैटर्न नजर नहीं आता है। कई ऐसे नाम चल रहे थे, जिनके बारे में लग रहा था कि इनका टिकट कट जाएगा, पर उनका टिकट नहीं कटा, जैसे मथुरा से हेमा मालिनी का टिकट। कोई भी पार्टी कितनी भी ताकतवर हो जाए, टिकट देने की प्रक्रिया अलग ही होती है, इसका कोई तय फॉर्मूला नहीं होता है। टिकट वितरण के बारे में किसी को कुछ पता नहीं होता है। सर्वोच्च नेताओं के अलावा किसी को मालूम नहीं होता है कि निर्णय क्या और कैसे लिया जा रहा है। लगभग हर पार्टी के हाईकमान के साथ ऐसा ही है, किसी भी पार्टी में चंद लोग ही जानते हैं कि किसको टिकट मिलेगा और किसका कटेगा। यह बात नई नहीं है, जो नेता टिकट देने का फैसला कर रहे होते हैं, उन्हें अनेक पैमानों पर विचार करना पड़ता है। युवाओं को भी उतारना है, महिलाओं को भी टिकट देना है, टिकट ऐसे नहीं बांटना है कि अन्य सीटों पर भी उसका नकारात्मक असर हो। कुल मिलाकर, भारतीय लोकतंत्र में टिकट बंटने की प्रक्रिया सहज नहीं, बल्कि बहुत जटिल होती है और इसे पुरस्कार या दंड के लेंस से नहीं देखा जा सकता।



बहरहाल, इस आधार पर भी विवेचना हो रही है कि फलां ने अच्छा काम किया था, पर टिकट कट गया या फलां ने खराब काम किया था, फिर भी टिकट मिल गया। जाहिर है, बार-बार चर्चा होगी कि किस आधार पर टिकट कटा होगा? यह माना जाता है कि जिनका टिकट कटा है, उनका जनता से जुड़ाव अच्छा नहीं था। उनका अपनी पार्टी या संगठन से तालमेल सही नहीं था। कुछ लोग ऐसे भी थे, जो अक्खड़ किस्म के थे, अपनी दुनिया में मस्त रहते थे, उन पर अब पार्टी दांव लगाकर खतरा उठाना नहीं चाहती है।

हालांकि, किसी भी पार्टी में ऐसे लोग भी होते हैं, जो अच्छा काम कर रहे होते हैं, पर आलाकमान में कोई उनकी पैरवी करने वाला नहीं होता है, तो टिकट कट जाता है। ऐसा भी लगता है कि भाजपा अब ऐसे लोगों को टिकट देना नहीं चाहती है, जो समुदाय विशेष के खिलाफ तीखी टिप्पणी के लिए जाने जाते हैं। यहां आप रमेश बिधूड़ी का नाम ले सकते हैं, जिनका टिकट कट गया है। हालांकि, ऐसे प्रत्याशी भी हैं, जिन्होंने गलत बातें कही हैं, पर उन्हें दूसरे कारणों से टिकट दे दिया गया है।

दरअसल, मूल रूप से कोई भी पार्टी टिकट बांटते हुए जीत को अधिक महत्व देती है। एक और बात, भाजपा अक्सर परिवारवाद पर हमले बोलती है, पर यहां भी कुछ नेताओं के बेटे-बेटियों को टिकट दिया गया है। परिवारवाद का आरोप शायद उन्हीं पार्टियों के लिए है, जिनका संचालन कोई एक परिवार कर रहा है। भाजपा नेताओं के बीच परिवारवाद में भी जीत की गारंटी को महत्व दिया गया लगता है। बहुत से नेता हैं, जो अपनी संतानों के लिए टिकट मांग रहे हैं, पर उन्हें निराशा हाथ लगी है।

बहरहाल, इसमें कोई शक नहीं है कि भाजपा ने 2024 के लिए बहुत बड़ा लक्ष्य रखा है और वह न केवल चुनाव जीतना चाहती है, बल्कि साल 2019 के प्रदर्शन में भी सुधार करना चाहती है। पिछली बार 303 सीटें मिली थीं और इस बार 370 से ज्यादा सीटें जीतने की योजना है। ऐसे में, जाहिर है, भाजपा ऐसे नेताओं को ही मैदान में उतारेगी, जो जीतने में सक्षम होंगे। भाजपा बहुत मजबूती से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे को सामने रखकर चुनाव लड़ रही है, पर अच्छा चुनाव लड़ने वाली पार्टी यह भी जानती है कि प्रत्याशियों का भी अपना महत्व है। आज लोगों को अच्छे उम्मीदवारों की उम्मीद रहती है, अत: भाजपा कहीं भी यह गलती नहीं करेगी कि किसी को भी मैदान में उतारकर पार्टी के प्रदर्शन को खराब किया जाए।

यह एक बड़ी बढ़त की बात है कि भाजपा ने चुनाव की घोषणा से पहले ही एक तिहाई से ज्यादा सीटों पर अपने उम्मीदवारों के नाम स्पष्ट कर दिए हैं। ऐसा अभी तक किसी भी पार्टी ने राष्ट्रीय स्तर पर नहीं किया है। हां, कुछ पार्टियों ने क्षेत्रीय आधार पर अपने उम्मीदवारों के नाम उजागर किए हैं, जैसे समाजवादी पार्टी। प्रत्याशियों के नाम की घोषणा के मोर्चे पर भाजपा सबका नेतृत्व करती दिख रही है। जल्दी उम्मीदवार उतारने का सबसे बड़ा फायदा यही होता है कि किसी के बागी होने पर स्थिति संभालने के लिए समय मिल जाता है।

जहां तक मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस की बात है, अभी तो विपक्षी 'इंडिया' के अंदर ही अनेक राज्यों में सीटों का बंटवारा स्पष्ट नहीं हुआ है। कांग्रेस भी अपने प्रत्याशियों की घोषणा में बहुत पीछे चल रही है। जब विपक्ष सत्तारूढ़ भाजपा के खिलाफ मजबूती से उम्मीदवार उतारेगा, तभी बेहतर चुनावी विश्लेषण की स्थिति बनेगी। हम उम्मीद कर सकते हैं कि भाजपा की घोषणा के बाद अन्य पार्टियों में भी प्रत्याशी चयन में तेजी आएगी। जब टिकट कटने का दुख और मिलने का सुख हर पार्टी में होगा, तब देखने वाली बात केवल यही होगी कि जीत का सेहरा किसके माथे बंधता है।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# इलेक्टरल बॉन्ड गैर कानूनी

अजय दीक्षित

पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट ने एक बड़ा फैसला सुनाया है उसने राजनैतिक दलों को इलेक्टरल बॉंड से मिलने वाले चंदे को गैर कानूनी करार दिया है। असल में अनेक कम्पनियां सत्तारुढ़ दल को चन्दा तो देना चाहती हैं (और बदले में अपने लिए कुछ विशेष रियायतें चाहती हैं) परन्तु वह अपना नाम गोपनीय रखना चाहती हैं। प्राय: तो सत्तारुढ़ दल को ही सबसे ज्यादा चन्दा मिलता है।

सन् 2017-18 के वित्तीय वर्ष में तत्कालीन केन्द्रीय वित्त मंत्री अरुण जेटली इस स्कीम को लाये थे। इसके अन्तर्गत स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया साल में चार बार कुछ दिनों तक इलेक्टोरल बॉण्ड बेच सकती है। यह भी केवल कुछ ही निर्धारित शाखाओं पर। इस स्कीम के अन्तर्गत कोई भी व्यक्ति, संस्था, कम्पनी इन बॉण्डों को खरीद सकती है और फिर उसे किसी पार्टी को दे सकती है। स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया को तो मालूम रहता है कि बॉण्ड किसने खरीदा है, परन्तु राजनैतिक दल जिसे यह प्राप्त होता है, वह नहीं जानता कि यह दान किसने दिया है। यूं अनौपचारिक रूप से कहा जाता है कि वह व्यापारिक कम्पनी सत्तारुढ़ दल को बतला देती है कि वह इतनी राशि का इलेक्टोरल बॉण्ड दे रही है। इससे वह जो तथाकथित लाभ जाती है उसका रास्ता खुला रहता है। वे तो कोई और राजनैतिक दल या कोई व्यक्ति या इलेक्शन कमीशन को कुछ भी मालूम होता था। अभी तक नगद चंदा मात्र बीस हजार रुपये ही दिया जा सकता है। कोई चाहे तो चेक से भी दान दे सकता है, तब सबको पता चल जाता है कि कौन किस पार्टी को कितना चन्दा दे रहा है। इलेक्टोरल बॉण्ड से गोपनीयता बनी रहती है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि गुप्त चंदा वोटर से विश्वासघात है। आदेश में कहा गया है कि स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया अब तक जारी सभी इलेक्टोरल बॉण्ड किसने कब, कितने के खरीदे इसका विवरण तीन हफ्ते में इलेक्शन कमीशन को दें और इलेक्शन कमीशन से अपनी वेबसाइट पर सार्वजनिक करें। यह स्कीम लाते समय केन्द्रीय सरकार ने कम्पनी कानून और इनकम टेक्स आदि के नियमों में भी बदलाव किया था। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग की खूब खिंचाई की है। पहले घाटे वाली कंपनियां चंदा नहीं दे सकती थीं। इस स्कीम में किसी पर कोई प्रतिबंध नहीं रहा। सुप्रीम कोर्ट में पेश आंकड़ों से ज्ञात होता है कि अब तक 16,000 करोड़ के बॉण्ड SBI ने बेचें हैं जिसमें से 6566 करोड़ रुपये का चन्दा भाजपा को मिला है। जनवरी 2024 तक 16518 करोड़ ग्यारह लाख रुपये के बॉण्ड बिके हैं। कहते हैं राजनैतिक दलों को जो चंदा मिला है उसमें आधे से ज्यादा इलेक्टोरल बॉण्ड से मिला है, किसी-किसी क्षेत्रीय दल को तो 90% तक चंदा इलेक्टोरल बॉण्ड से मिला है।

भाजपा को कुल चंदे का आधा हिस्सा इलेक्टोरल बॉण्ड से मिला है। आर.बी.आई. के नियमों में भी बदलाव किया गया। अब यह सारी सूचना वेबसाइट पर आ जायेगी तो पता चल जायेगा कि किस पार्टी को किस कम्पनी ने पैसा दिया है। विपक्ष का आरोप है कि अब यह खुलासा हो जायेगा कि अडानी के ग्रुप ने कितना पैसा भाजपा को दिया है?

# गलत खानपान से घातक बीमारियों और असमय मृत्यु में बेतहाशा वृद्धि

डॉ. प्रितम भि. गेडाम

देश में तेजी से बढ़ती गंभीर बीमारियों और असामयिक मौत की वृद्धि ने चिंताजनक आंकड़े छू लिए हैं। आजकल की आधुनिक जीवनशैली, यांत्रिक संसाधनों पर बढ़ती निर्भरता और चटोरी जबान ने हमारे जीवन में बहुत बदलाव ला दिये हैं, हर कोई स्वाद के हिसाब से खाद्य पदार्थ खाना पसंद करते हैं, स्वास्थ्य के हिसाब से नहीं, जिसका सीधा असर हमारे सेहत पर दिखता है, अब तो किसी भी उम्र में कोई भी स्वास्थ्य समस्या किसे को भी होती है। लोगों की बढ़ती मांग के अनुसार, अब हर तरफ फास्ट-फूड, स्ट्रीटफूड, तेल मैदा मसाले मीठे नमकीन व्यंजन तेजी से समृद्ध हो रहे हैं, जबकि ये खाद्य पदार्थ निम्न गुणवत्ता, खराब कोलेस्ट्रॉल और मोटापा को बढ़ाने में प्रमुख भूमिका निभाते हैं। भारतीय त्योहार, समारोह और मंगल कार्यों में भी ऐसी ही व्यंजन की भरमार बढ़ रही है। वैसे ही खाद्य पदार्थों में हानिकारक रसायन का प्रयोग, मिलावटखोरी और अस्वच्छता बड़े पैमाने पर दिखती है, ऊपर से निम्न गुणवत्ता वाले खाद्य पदार्थ में सिर्फ स्वाद देखा जाता है, जिसमें उच्च कैलोरी होती है। बहुत से लोग खाना खाते समय यह भी नहीं सोचते कि वे कितनी कैलोरी ले रहे हैं। पेट जब तक पूरी तरह भर ना जाए, तब तक खाते हैं, साथ ही हमारे यहां मेहमाननवाजी के नाम पर जो खिलाने-पिलाने की खातिरदारी होती है, वह भी इस समस्या को बढ़ावा देती है। जितनी कैलोरी लेते हैं, अगर उतनी खर्च नहीं हुई तो वह शरीर में जमा होकर अतिरिक्त कैलोरी मोटापे का रूप लेती है। पाचन में भारी, थकावट, भारीपन, आलस्य महसूस करवाने वाले खाद्य पदार्थों का सेवन ज्यादा किया जाता हैं, जिससे देशभर में पेट संबंधित रोगों की समस्या बहुत आम नजर आती है। मोटापे की समस्या लगातार बढ़ रही है, जो अनेक जानलेवा बीमारियों की जननी हैं और कितने दुर्भाग्य की बात है कि, सब कुछ जानते हुए भी हम खुद ही अस्वास्थ्यकर खाद्य पदार्थों को ही प्राथमिकता देकर खाते हैं।




मोटापे के जोखिमों के बारे में जागरूकता और वैश्विक मोटापा संकट को समाप्त करने के लिए हर साल 4 मार्च को विश्व मोटापा दिवस दुनियाभर में मनाया जाता है। अधिक वजन और मोटापे के खतरे के लिए अस्वास्थ्यकर खानपान के साथ-साथ शारीरिक गतिविधि का अभाव, पर्याप्त नींद न लेना, अत्यधिक तनाव, स्वास्थ्य की स्थिति, आनुवंशिकी, दवाइयों का दुष्प्रभाव, आसपास का वातावरण भी उत्तरदायी होता है। शहरों में मोटापे की इस प्रवृत्ति के लिए चीनी-मीठे पेय पदार्थ और प्रसंस्कृत भोजन जैसे उच्च कैलोरी-सघन खाद्य पदार्थों का सेवन एक प्रमुख योगदानकर्ता माना जाता है, और साथ ही, इनमें आवश्यक पोषक तत्वों और फाइबर की भारी कमी होती हैं। अधिक शराब पीना, बहुत अधिक बाहर भोजन करना सेहत के लिए हानिकारक है। लंबे समय तक धूम्रपान, अस्वास्थ्यकर आहार और शारीरिक निष्क्रियता के कारण परिणामस्वरूप बीमारियों का विकास होता है, विशेष रूप से हृदय रोग, स्ट्रोक, मधुमेह, मोटापा, मेटाबोलिक सिंड्रोम, क्रोनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी। वर्तमान में भारतीय फास्ट-फूड बाजार 27.57 बिलियन डॉलर होने का अनुमान है। भारतीय जंक फूड की सूची में समोसा, कचौड़ी, ब्रेड पकौड़ा, पैकेज्ड भुजिया, इंस्टेंट नूडल्स, मोमोज, टिक्की, भटूरे जैसे खाद्य पदार्थ शीर्ष पर हैं। वैश्विक खाद्य बाजारों में भारत के निरंतर एकीकरण के बाद अस्वास्थ्यकर, प्रसंस्कृत भोजन अधिक सुलभ हो गया है। यह, बढ़ती मध्यम वर्ग की आय के साथ मिलकर, मध्यम वर्ग और उच्च आय वाले परिवारों में प्रति व्यक्ति औसत कैलोरी सेवन में वृद्धि कर रहा है। एक विशेष रिपोर्ट के अनुसार, 2022 तक देश के बड़े शहरों में फास्ट फूड रेस्तरां पर मध्यम वर्ग के परिवारों का वार्षिक खर्च 108 प्रतिशत बढ़ गया है।

मोटापा एटलस 2023 ने मोटापा गैर-संचारी रोग के मामले में भारत को कुल 183 देशों में से 99 वें स्थान पर रखा है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य परिवार सर्वेक्षण 5 के आंकड़ों के अनुसार, 23 प्रतिशत महिलाएं और 22.1 प्रतिशत पुरुष बीएमआई मानदंड के अनुसार अधिक वजन वाले हैं, देश में 40 प्रतिशत महिलाएं और 12 प्रतिशत पुरुष पेट के मोटापे से पीड़ित हैं। भारतीय राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-4 अनुसार, 2006 से 2016 तक की अवधि में, 15 से 49 वर्ष की आयु की महिलाओं में मोटापा 13 प्रतिशत से बढ़कर 21 प्रतिशत हो गया और 15 से 49 वर्ष की आयु के पुरुषों में मोटापा 9.3 प्रतिशत से बढ़कर 19 प्रतिशत हो गया। प्रत्येक वर्ष अधिकांश भारतीयों की मृत्यु हृदय रोग के कारण होती है, और उनमें से लगभग 60 प्रतिशत को मधुमेह है। यह अनुमान लगाया गया है कि 2050 तक, भारत 130 मिलियन से अधिक मामलों के साथ मधुमेह में विश्व में शीर्ष स्थान प्राप्त कर लेगा।

डब्ल्यूएचओ अनुसार, दुनिया भर में मोटापा 1975 के बाद से लगभग तीन गुना हो गया है। 2016 में, 18 वर्ष और उससे अधिक उम्र के 1.9 बिलियन से अधिक वयस्क अधिक वजन वाले थे। इनमें से 650 मिलियन से अधिक लोग मोटापे से ग्रस्त थे। दुनिया की अधिकांश आबादी उन देशों में रहती है जहां अधिक वजन और मोटापे के कारण कम वजन वाले लोगों की तुलना में अधिक लोगों की मौत होती है। 2020 में 5 वर्ष से कम उम्र के 39 मिलियन बच्चे अधिक वजन वाले या मोटापे से ग्रस्त थे। 2016 में 5-19 वर्ष की आयु के 340 मिलियन से अधिक बच्चे और किशोर अधिक वजन वाले या मोटापे से ग्रस्त थे। संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) की 2023 की रिपोर्ट के अनुसार, अस्वास्थ्यकर आहार के कारण होने वाले मोटापे और गैर-संचारी रोगों के कारण श्रम उत्पादकता में सैकड़ों अरब डॉलर का नुकसान हो रहा है और अस्वास्थ्यकर आहार पैटर्न से संबंधित अनुमानित नुकसान के मामले में भारत 154 देशों में तीसरे स्थान पर है, जो बेहद चिंताजनक है। भारत में उपभोग किए जाने वाले अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड की कुल मात्रा में 2011 के बाद से 90 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है।

वयस्क बॉडी मास इंडेक्स या बीएमआई इंडेक्स अनुसार, यदि आपका बीएमआई 18.5 से 24.9 है, तो यह स्वस्थ वजन सीमा के अंतर्गत आता है। यदि आपका बीएमआई 25.0 से 29.9 है, तो यह अधिक वजन की सीमा में आता है। ऊंचाई अनुरूप वजन होना चाहिए। कार्बोहाइड्रेट, आलू, चावल, मिठाई जैसे खाद्य पदार्थ वजन बढ़ाने के लिए जिम्मेदार होते हैं। इसलिए, केवल वही खाद्य पदार्थ खाएं जो आपके शरीर में अतिरिक्त कैलोरी नहीं बढ़ाएंगे। कैलोरी का आदर्श स्तर दैनिक सेवन के अलावा उम्र, चयापचय और शारीरिक गतिविधि स्तर के स्तर पर निर्भर करता है। आम तौर पर, अनुशंसित दैनिक कैलोरी सेवन महिलाओं के लिए प्रति दिन 2,000 कैलोरी और पुरुषों के लिए 2,500 कैलोरी है।

शहरों में प्रदूषित हवा में सांस लेने की मजबूरी, पैक्ड फूड की आदत, मिलावटखोरी, खाद्य पदार्थों में निकृष्ट गुणवत्ता व आवश्यक पोषक तत्वों की भारी कमी, फसलों में घातक रसायनों का प्रयोग, व्यायाम की कमी, यांत्रिक उपकरणों पर बढ़ती निर्भरता ने मानव जीवन को संघर्षमय और खराब सेहत दी है, जिससे जानलेवा खर्चीली बीमारियों ने असमय होने वाली मृत्यु में वृद्धि की है। मनुष्य ने खुद ही अपनेआप को उस दहलीज पर लाकर रख दिया है जहां पर स्वास्थ्य समस्याओं का अंबार लगा है, जिसमें मोटापा भी प्रमुख है। मोटापे को रोका जा सकता है, योग्य दिनचर्या के द्वारा हम अच्छी सेहत पा सकते है। नमक, शक्कर, मैदा जैसे पदार्थों को धीमा सफेद जहर कहा जाता है, इनके अत्यधिक सेवन से बचें। पैक्ड, डिब्बाबंद, फास्टफूड, जंकफूड, प्रसंस्कृत वसायुक्त मांस, फ्रेंच फूड, फ्रिज में जमे हुए पदार्थ, बाहरी तेल मसालेवाले खाद्यपदार्थ खाने से बचें। पोषक तत्वों से भरपूर मौसमी फल, अंकुरित अनाज, हरी सब्जियों, दालों का प्रयोग करें। खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और कैलोरी का विशेष ध्यान रखें। चटोरी जबान पर नियंत्रण रखना सीखें, पेट को गोदाम समझकर कुछ भी पदार्थ न ठूंसें, अपनी इच्छा शक्ति मजबूत बनाये। शरीर को हर उम्र में सभी प्रकार के आवश्यक पोषक तत्वों की जरुरत होती हैं, इसका खास ध्यान रखें। शुद्ध ऑक्सीजन, पूरक पौष्टिक आहार, पर्याप्त नींद, रोजाना व्यायाम, नशे से दुरी ये अच्छे सेहत का मार्ग है। इसकी मदद से हम न केवल मोटापे बल्कि जानलेवा बीमारियों से भी बचेंगे और एक खुशहाल, स्वस्थ जीवन जी सकेंगे।

## केंद्रीय मंत्री चुनाव हारे तो क्या होगा ?

कई केंद्रीय मंत्री लोकसभा का चुनाव लड़ने वाले हैं। जिन मंत्रियों का राज्यसभा का कार्यकाल अप्रैल में पूरा हो रहा है और दोबारा टिकट नहीं मिली है उनका तो लोकसभा चुनाव लड़ना तय है। ऐसे पांच मंत्री हैं। धर्मेंद्र प्रधान, भूपेंद्र यादव, मनसुख मांडविया, पुरुषोत्तम रूपाला और नारायण राणे। इनके अलावा कुछ और मंत्री हैं, जिनका राज्यसभा का कार्यकाल अभी पूरा नहीं हुआ है लेकिन उनको भी लोकसभा का चुनाव लड़ाने की चर्चा है।

पीयूष गोयल, निर्मला सीतारमण, एस जयशंकर, हरदीप पुरी, राजीव चंद्रशेखर आदि के बारे में चर्चा है कि इनको इस बार लोकसभा का चुनाव लड़ने को कहा जा सकता है। निर्मला सीतारमण, जयशंकर और राजीव चंद्रशेखर के लिए दक्षिण के ऐसे राज्यों में सीट तलाशी जा रही है, जहां भाजपा पिछली बार खाता नहीं खोल पाई थी।

सोचें, अगर ये बड़े नेता लोकसभा का चुनाव हार गए तो क्या होगा? वैसे लोकसभा का चुनाव हारने वाले नेताओं को मंत्री बनाने का चलन रहा है। 2014 में तो अरुण जेटली के हारने पर नरेंद्र मोदी ने उनको वित्त व रक्षा मंत्री एक साथ बनाया था और स्मृति ईरानी को हारने के बावजूद देश का शिक्षा मंत्री बनाया था। दूसरी बार भी हरदीप पुरी हार कर केंद्र में मंत्री बने। लेकिन शायद इस बार ऐसा न हो। कई कई बार राज्यसभा सांसद रहने के बाद पहली बार चुनाव लड़ने वाले नेता अगर हारते हैं तो उनको संगठन में भेजा जा सकता है।

तभी ये नेता या तो चुनाव नहीं लड़ना चाहते हैं या सुरक्षित सीट की तलाश कर रहे हैं। सुरक्षित सीट की तलाश की योजना के तहत ही यह खबर मीडिया में लीक की गई थी कि निर्मला सीतारमण और जयशंकर दोनों कर्नाटक से चुनाव लड़ सकते हैं। लेकिन बाद में प्रहलाद जोशी ने खंडन किया कि उन्होंने ऐसी कोई बात नहीं कही है। अब दोनों के केरल या तमिलनाडु से लड़ने की चर्चा है।

## कॉरपोरेट दिग्गजों के बुरे दिन

इस बार लोकसभा चुनाव में राजनीति के कई दिग्गजों की किस्मत दांव पर लगी है और कई लोगों को बुरे दिन आने वाले हैं लेकिन राजनीति से अलग कॉरपोरेट के कई दिग्गजों के इन दिनो बुरे दिन चल रहे हैं। हालांकि सबके बुरे दिन आने के अलग अलग कारण हैं लेकिन खोजने पर कोई कॉमन कारण भी मिल ही जाएगा। बहरहाल, पिछले कुछ दिनों में कई बड़े कॉरपोरेट दिग्गज मुश्किल में आए हैं।

ताजा नाम विजय शेखर शर्मा का है, जिनको पेटीएम के चेयरमैन पद से इस्तीफा देना पड़ा है। कंपनी पर रिजर्व बैंक की पाबंदियों और शेयर बाजार में भारी नुकसान के बाद उनको पद छोड़ना पड़ा है। उनसे कुछ ही दिन पहले ऑनलाइन एजुकेशन की कंपनी बायजू के संस्थापक बायजू रवींद्रन और उनके परिवार को कंपनी के बोर्ड से ही हटा दिया गया। निवेशकों ने यह फैसला किया।

इस बीच खबर है कि जी समूह और सोनी के बीच विलय की योजना के पटरी से उतरने के बाद सेबी को दो हजार करोड़ रुपए की गड़बड़ी का पता चला है और इस सिलसिले में जी एंटरटेनमेंट के पुनीत गोयनका को पूछताछ के लिए बुलाया जा सकता है। जेल में बंद जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल के बारे में पिछले दिनों खबर आई थी कि वे कैंसर से पीड़ित हैं और इलाज के लिए अदालत में आवेदन लगाया हुआ है। आईसीआईसीआई समूह की चंदा कोचर और उनके पति को जमानत मिल गई है लेकिन मुश्किलें खत्म नहीं हुई हैं।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान
विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)






# श्रीकंचनपथ

छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com
WWW.ONLYTDS.COM




## खास खबर

### राजिम कुंभ कल्प में दिव्यांगों के लिए की गई व्हीलचेयर की व्यवस्था

**राजिम।** रामोत्सव थीम पर मनाए जा रहे राजिम कुंभ कल्प इस बार भव्य रूप में आयोजित हो रहा है। लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिए हर विभाग में अधिकारी, कर्मचारी को ड्यूटी पर तैनात किए गए हैं, जो समर्पित होकर पूरी जिम्मेदारी से अपना कार्य कर रहे है। वहीं राजीव लोचन मंदिर के पास बने पार्किंग परिसर में दिव्यांग जनों के लिए व्हीलचेयर की व्यवस्था की गई है, जो चलने में असमर्थ है। वे व्हीलचेयर की सहायता से आसानी से मेला घूम रहे हैं। शासन द्वारा किए गए इस व्यवस्था की मेलार्थी भूरी-भूरी प्रशंसा कर रहे हैं।

### राजिम कुंभ कल्प में बच्चों को पिलाई गई पल्स पोलियो की खुराक

**राजिम।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत रविवार 3 मार्च को राजिम कुंभ कल्प मेला में 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक दी गई। डॉक्टर तेजराम साहू ने जानकारी दी राजिम कुंभ कल्प में मेला घूमने आई माताओं के नवजात शिशुओं को पल्स पोलियो की खुराक दी गई है। डॉ. साहू ने बताया कि शहर के सभी चौक-चौराहे एवं गली में यह अभियान चलाया जा रहा है। प्रथम दिवस मेला परिसर में चारो तरफबूथ में पोलियो की दवा पिलाई जा रही है। दूसरे दिन चार मार्च को जो छूट गये है। बूथ पर उन्हें पोलियो की दवा घूम-घूमकर स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी मितानिन आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका देंगे। फिर 5 मार्च को पहुंच विहीन क्षेत्रों में कठिन क्षेत्रो में जाकर पोलियो की दवा पिलाई जायेगी। इस हेतु समस्त स्वास्थ्य अमला जुड़ा हुआ है। आज प्रथम दिवस में लगभग 100 से अधिक बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई।

### राजिम कुंभ कल्प में गुम हुए बच्चों को ढूंढने के लिए चिपकाए गए मोबाइल फोन वाले स्टीकर

**राजिम।** कुंभ कल्प के 9वें दिन शासकीय अवकाश होने कारण मेले में भारी भीड़ देखी गई। भगवान श्री राजीव लोचन मंदिर एवं कुलेश्वर मंदिर परिसर श्रद्धालुओं की भीड़ से भरा था। दोपहर की कड़कती धूप भी राजिम में आये श्रद्धालुओ का उत्साह कम नहीं कर पाई। अत्याधिक भीड़ होने के कारण प्रशासन द्वारा 10 वर्ष से छोटे बच्चो के हाथो में मोबाइल नंबर वाला स्टीकर चिपकाया जा रहा था, ताकि मेले की भीड़ में गुम हुए बच्चों का इस मोबाइल नंबर की सहायता से उनके परिजनो से सम्पर्क कर उन्हें सौपा जा सके। राजिम मेला में स्वास्थ्य विभाग द्वारा पोलियो अभियान के तहत पोलियो की खुराक पिलाने की भी समुचित व्यवस्था की गई है ताकि मेले में आयी माताएं अपने छोटे बच्चों को पोलियो की दवा पिला सके।

### अंतराष्ट्रीय महिला दिवस में खेल कूद का आयोजन

**गरियाबंद।** खेल एवम युवा कल्याण विभाग गरियाबंद जिला के माध्यम से अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बालिका/महिला खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन विकासखंड स्तर पर 5 मार्च को गांधी मैदान स्पोर्ट्स हब गरियाबंद में किया गया है।जिसे दो अलग-अलग आयु वर्ग समूह में विभक्त किया गया है।बालिका वर्ग के लिए 9 से 18 वर्ष तथा महिला वर्ग के लिए 18 से अधिक आयु वाले प्रतिभागी खिलाड़ी को सम्मिलित किया गया है।विभाग द्वारा कुल पांच पारंपरिक खेलो को सम्मिलित किया गया है।

# राजिम कुंभ कल्प संस्कृति का प्रमाण है -शंकराचार्य सदानंद

**धर्माचारियों के सम्मान की सोच वाली सरकार ही राजिम कुंभ जैसे आयोजन करते है - शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद**

श्रीकंचनपथ न्यूज

राजिम। राजिम कुंभ कल्प मेला में आज विराट संत समागम का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन समारोह में अनंत विभूषित ज्योतिष मठ द्वारका शारदा पीठाधीश्वर जगतगुरू शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती जी महाराज एवं अनंत विभूषित ज्योतिष मठ बद्रीनाथ पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज राजिम पहुंचे। मुख्य मंच पर दोनों शंकराचार्यों का खाद्य मंत्री एवं जिले के प्रभारी दयाल दास बघेल और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, राजिम विधायक रोहित साहू एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने विधि विधान से चरण वंदन किया। कार्यक्रम की शुरुआत में दोनों शंकराचार्य एवं अतिथियों ने भगवान राजीव लोचन के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना किया।





### राजिम कुंभ संस्कृति का प्रमाण है - सदानंद

द्वारका शारदा पीठाधीश्वर जगतगुरू शंकराचार्य स्वामी सदानंद महाराज ने आशीर्वचन देते हुए कहा कि परमात्मा के पद प्राणी को पवित्र करती है। मार्ग में जो प्राणों की रक्षा करें वो पार्थाय है। जो राम नाम का जाप करते हैं। उनके पार्थ राम है। प्राणी मात्र में एक विश्राम का नाम राम है। धर्म रूपी कल्पवृक्ष का बीज राम नाम है। राम ने मनुष्य बनकर वो दिखाया, जो मनुष्य को करना चाहिए। कैसे धर्म का पालन किया जाता है। हमारे वेदों का ज्ञान संतों से ही मिलता है। उन्होंने कहा कि राजिम कुंभ संस्कृति का प्रमाण है। ऐसे आयोजनों से संस्कृति की रक्षा होती है। धर्म की रक्षा करनी है तो धर्म का पालन करें। धर्म की स्वयं रक्षा हो जाएगी। धर्म मार्ग पर चलने की शिक्षा हमें कुंभ से मिलती है। मनुष्य में असीतिम क्षमता है, उसे उसका भरपूर उपयोग करना चाहिए। सृष्टि का अपादान कारक क्या है इसे मनुष्य ही जान सकता है। धर्म की बुद्धि परमात्मा ने मनुष्य को दी है। धर्म-अधर्म और विधर्म को समझें।

### छत्तीसगढ़ सरकार ने राजिम कुंभ के मंच पर दो शंकराचार्यों को लाकर अद्भुत संजोग बनाया है - अविमुक्तेश्वरानंद

बद्रीनाथ पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद महाराज ने कहा कि हमारे वेद प्रमाणित है। वेदों में लिखा है। क्या करना है, क्या नहीं करना है। प्रदेश की व्यवस्था राजा और पुलिस कर सकती है, फिर भी संत समागम की आवश्यकता क्यों पड़ती है ताकि संतों की वाणी से लोगों के सदा चारों व्यवहार के शिक्षा की रक्षा की जा सकें। उन्होंने कहा कि 90 प्रतिशत लोग धर्माचारियों के उपदेश से नियंत्रित होते हैं। समझदार सरकार धर्माचारियों से अमृत लेकर बांटते हैं। धर्माचार्यों का सम्मान करने की ऐसी सोच वाली सरकार ही राजिम कुंभ जैसे आयोजन करते है।

समझदार सरकार अपनी जनता को ज्ञान का अमृत से लाभान्वित करने ऐसे आयोजन करती है। ये कुंभ कल्प इसी का उदाहरण है। राजिम महानदी का संगम, आचार्य का समागम, आध्यात्मिक लाभ से पवित्र स्थल बन चुका है। इससे पवित्र स्थान नहीं हो सकता। कुंभ कल्प का मतलब कुंभ जैसा होना है। इसलिए इस कुंभ का नाम कुंभ कल्प कर दिया गया। कुंभ कल्प बोलने से मान घटता नही है बढ़ा जाता है। कुंभ जैसा है वो कुंभ ही है। उन्होंने कहा कि आपके साथ हम भी कुंभ का आनंद आह्लाद लेंगे। कुंभ ज्योतिष का योग है। ये योग नक्षत्रों के अनुसार प्रयाग, नासिक, उज्जैन, हरिद्वार जैसे तीर्थों के कुंभ के रूप में होता है। घर के पानी में मैल धोने की क्षमता होती है, लेकिन महानदी जैसे नदियों के पानी में मन का मैल धोने की क्षमता होती है। जिससे राजिम में आने वाले समस्त लोगों को आध्यात्मिक लाभ मिलता है। उन्होंने आगे कहा कि ये सुखद संयोग है कि छत्तीसगढ़ के मंत्री द्वारा इस मंच पर एक साथ दो शंकराचार्यों को लाकर अद्भुत संजोग बनाया है।

इस अवसर पर खाद्य मंत्री श्री दयालदास बघेल ने दोनों शंकराचार्यों का राजिम की पावन धरा पर स्वागत करते हुए राजिम कुंभ में आने के लिए आभार जताया। उन्होंने कहा कि आज हम सबके लिए सौभाग्य की बात है कि राजिम कुंभ कल्प में दोनों शंकराचार्य का दर्शन लाभ मिला है। उन्होंने दोनों जगतगुरूओं से छत्तीसगढ़ और सभी लोगों के सुख और समृद्धि के लिए सबको आशीर्वाद प्रदान करने का निवेदन किया।

मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि 5 साल उपरांत पुनः उसी स्वरूप में संत महात्माओं का विशाल संगम राजिम कुंभ में हो रहा है। आज राजिम कुंभ की धरती में देश के दो महान शंकराचार्य हम सभी को आशीर्वाद प्रदान करने मौजूद है। उन्होंने छत्तीसगढ़ की धरती पर उनका स्वागत किया। राजिम विधायक रोहित साहू ने आभार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर राजिम नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रेखा जितेन्द्र सोनकर, गरियाबंद कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल, छग पर्यटन मंडल के प्रबंध संचालक जितेन्द्र शुक्ला सहित महामंडलेश्वर, साधु-संत, महात्माओं, स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थित रही।

# राजिम कुंभ कल्प में सांस्कृतिक कार्यक्रम देखने दर्शकों की जबरदस्त भीड़

श्रीकंचनपथ न्यूज

**राजिम। राजिम कुंभ कल्प के आठवें दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम देखने दर्शकों की खचाखच भीड़ रही। मंच पर छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध कलाकारों ने छत्तीसगढ़ के पारंपरिक गीतों की शानदार प्रस्तुति दी, जिसे देख दर्शक भी झूमने को मजबूर हो गए।**



मंच पर कार्यक्रम की शुरुआत रायपुर के किशोर देवांगन ने शास्त्रीय-उपशास्त्रीय गायन के द्वारा झुमरी की प्रस्तुति दी। जिसमें जमुना किनारे मोर गांव...... उसके बाद एक और झुमरी सावरियां...... की प्रस्तुति ने दर्शकों को बांधे रखा। पद्मश्री सम्मानित पंडवानी गायिका उषा बारले ने मंच पर जुआ में हारने के कारण पाण्डव को मिले एक वर्ष के अज्ञातवास का व्याख्यान किया। जिसमें रामे-रामे और रागी शब्दों का उच्चारण पंडवानी की खास पहचान बनी हुई है। मंच पर छत्तीसगढी फिल्म् के जाने माने हास्य कलाकार उर्वशी साहू ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों को एक से बढ़कर एक शानदार प्रस्तुति दी। कलाकारों ने गणेश वंदना और गौरी पुत्र गणराज.... मया देदे ओ मया लेले न...... ने धूम मचा दिया। इसी तरह बाग नदिया टूरी झन जा बाग नदिया.... ददरिया गीत ने दर्शको को झूमने पर मजबूर कर दिया। ओड़िसा के कलाकार आर्या नन्दे ने नृत्य नाटिका की प्रस्तुति दी।

मंच पर कार्यक्रम की अंतिम प्रस्तुति लोकप्रयाग, लोकमंच राजेश साहू नवापारा एवं उनके टीम ने भी सुमधुर गीतों के माध्यम से दर्शकों का दिल जीत लिया। संगी तोला का होगे न...... तोर सुरता म मोला..... जैसे छत्तीसगढ़ी और जसगीतों ने दर्शकों से खूब वाहवाही लूटी। कलाकारों का सम्मान नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमति रेखा जितेन्द्र सोनकर, रमेश पहाड़िया, छायाराही, पूर्णिमा चंद्राकर, धनमती साहू, साधना सौरभ, एसपी भोजराम पटेल सहित जनप्रतिनिधि व अधिकारियों ने गुलदस्ता भेंटकर किया।

## राजिम भक्तिन माता भोग भंडारे में हजारों लोगों को मिला भरपेट भोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज



**राजिम।** राजिम कुंभ कल्प मेला में साहू समाज राजिम भक्तिन मंदिर समिति द्वारा भोग भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। 24 फरवरी से प्रारंभ हुए यह भंडारा 8 मार्च महाशिवरात्रि तक चलेगा। भंडारे में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालुओं निशुल्क भरपेट भोजन प्रसादी ग्रहण कर रहे हैं। समिति के द्वारा लाउड स्पीकर से अनाउंस कर मेला में घूम रहे लोगों को भोजन के लिए आमंत्रित किया जाता है। रविवार 3 मार्च को गरियाबंद कलेक्टर श्री दीपक अग्रवाल के सहयोग से भंडारे का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्री अग्रवाल की धर्मपत्नी श्रीमती पुनिता अग्रवाल उनके प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित हुई। इस दौरान राजिम माता की पूजा अर्चना कर भंडारे की शुरुआत की। कलेक्टर की पत्नी श्रीमती अग्रवाल ने स्वयं लोगों को भोजन प्रसादी परोसा। रविवार को हजारों श्रद्धालुओं ने स्वादिष्ट आलू प्याज की सब्जी, कड़ही, चावल, सलाद ग्रहण कर भोजन प्रसादी का आनंद लिया। इस दौरान श्रीमती अग्रवाल ने अपनी दो बेटियों के साथ प्रसादी ग्रहण भी किया। इस अवसर पर महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञान स्वरूपानंद (अक्रिय) जी महाराज, साहू समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू, समिति के पदाधिकारी गण लालाराम साहू, श्याम साहू, भोले साहू, बोधन साहू, परदेशीराम साहू, रामकुमार साहू, राजेश साहू, रमेश साहू, छन्नूलाल साहू, राजिम एसडीएम धनंजय नेताम सहित साहू समाज के लोग सहयोग में जुटे हुए है।

# राजिम कुंभ कल्प के सांस्कृतिक मंच में हुआ भव्य कवि सम्मेलन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**राजिम।** राजिम कुंभ कल्प में स्थानीय मंच पर कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें त्रिवेणी संगम समिति रत्नांचल जिला साहित्य परिषद् एवं प्रयाग साहित्य समिति राजिम के कुल 25 कवियों के विशाल समूह ने छत्तीसगढ़ महतारी की महिमा का बखान अपने गीत, कविता एवं गजल के माध्यम से किया।



कवियों की श्रृंगार, हास्य रस, वीर रस से ओत-प्रोत प्रस्तुति से दर्शक कार्यक्रम के अंत तक बैठे रहे एवं तालियो की गूंज पूरें मेला स्थल में होती रहीं। कवि अपने मन के भाव को कविता में पिरोते है। उसमें रस, छंद, अलंकार के अलावा उसके हदय की अथाह गहराई से निकले शब्द जब दर्शको के हदय को स्पर्श करती है उस समय साहित्यकार का सृजन सार्थक हो जाता है। राजिम कुंभ के सांस्कृतिक मंच में जब छत्तीसगढ़ के चारों दिशाओ से आये विभिन्न समिति के साहित्यकार एक ही माला के मोती बन गये प्रस्तुत है। साहित्य के बागबान के कुछ चुनिंदा गुलाब - नरेन्द्र कुमार पार्थ की चटनी में बांसी के मैं कतका करो बखान..... ने दर्शकों के हृदय को गुदगुदाया। गोकुल सेन ने धुमिल हो रहीं संस्कृति पर कटाक्ष करते हुए कहा का बतावव रे मोर संगी हमर संस्कृति नंदागे..... बड़ी के महत्व को बताते हुए वरिष्ठ साहित्यकार मकसुदन राम साहू ने कहा सुरूज भानु बरोबर गोलगोल रखिया के बड़ी..... गीतकार टीकमचंद सेन ने सुमधुर देशभक्ति से ओत-प्रोत कविता पढ़ी खुशी चाहता हूं न गम चाहता हूं......अपने ओजपूर्ण कविता के माध्यम से पूरे परिसर में रामभक्ति का माहौल बनाते हुए प्रदीप कुमार दादा ने कहा कि राम में लगा हो मन राममय मेरा जीवन होना चाहिए....संतोष सोनकर मंडल ने छत्तीसगढ़ को पवित्र तीरथ धाम बताते हुए कहां जाबे कांशी मथुरा सिधवा यहां के मनखे..... को सुनकर दर्शको ने भूरी-भूरी प्रसंशा की। प्रसिध्द गजलकार जितेन्द्र सुकुमार ने एक रात खामोशी ने खुदखुशी....... सुनाकर वाहवाही लुटी।

राजिम कुंभ सांस्कृतिक मंच के संचालक किशोर निर्मलकर ने हरियर लुगरा दाई पहने...... की प्रस्तुति देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कवियित्री सरोज कंसारी ने रोम-रोम राम बसे पावन जिनका नाम... से रामोत्सव थीम पर राजिम कुंभ के नामकरण को सार्थक कर दर्शको से तालिया बटोरी। प्रिया देवांगन ने पबरित हावय माटी सुघ्घर हे परिपाटी..... पर गीत की सुमधुर प्रस्तुति दी।




खास खबर...



### युवा नशा से रहें दूर, अपनी ऊर्जा का सकारात्मक दिशा में भरपूर उपयोग करें: खेल मंत्री वर्मा

क्रिकेट खेल प्रतियोगिता के समापन समारोह में शामिल हुए खेल मंत्री वर्मा

**रायपुर।** युवा नशे से दूर रहें और अपनी ऊर्जा का जीवन को सफल बनाने वाले सकारात्मक कार्यों में उपयोग करें। खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा है। खेल से शारीरिक और मानसिक विकास होता है। खेलों से हमें प्रेरणा लेना जरूरी है। खेल अनुशासन सिखाता है। अनुशासन से टीम भावना का विकास होता है। खेलों से युवाओं का जुड़ाव यह बताता है कि क्षेत्र के युवा सही दिशा में है।

यह बात प्रदेश के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन और खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा ने आज रायपुर में देवपुरी प्रीमियर लीग द्वारा आयोजित क्रिकेट खेल प्रतियोगिता के समापन समारोह में कही। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए कहा कि जीवन में हार और जीत का दौर चलता रहेगा, हमें कभी घबराना नही है। खेल हमें सिखाता है कि जिंदगी में हार भी जरूरी है, हार से हमें अपनी गलतियों को सुधारना भी है।

इस अवसर पर रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू, कसडोल विधायक संदीप साहू, रायपुर ग्रामीण पूर्व विधायक नंदकुमार साहू,धरसींवा पूर्व विधायक देवजी भाई पटेल, तिल्दा जनपद सभापति शिवशंकर वर्मा, अन्य जनप्रतिनिधिगण सहित बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी उपस्थित थे।

# परिणाम की चिंता किए बिना अपना बेस्ट देना ही सफलता का मूलमंत्र: ओपी चौधरी

## वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने छात्रों से की परीक्षा पर चर्चा, बढ़ाया मनोबल, छात्रों के सवालों के दिए जवाब

- छात्रों को अपनी काबिलियत बढ़ाने वाले गुणों पर करना चाहिए काम
- छात्रों से कहा कि मेहनत ऐसा करो कि आपका हस्ताक्षर एक दिन ऑटोग्राफ बन जाए

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने छात्रों को संदेश देते हुए कहा कि सफलता असफलता जीवन का हिस्सा है लेकिन व्यक्ति को लगातार अपनी काबिलियत पर काम करना चाहिए, व्यक्तित्व को मजबूत बनाना चाहिए, कठिन परिस्थितियों में सकारात्मक भाव से धैर्य के साथ अपना प्रयास जारी रखना चाहिए। ये गुण किसी भी व्यक्ति के लिए जीवन में सफल होने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। वित्त मंत्री ओपी चौधरी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से छात्रों को परीक्षा की तैयारियों को लेकर मार्गदर्शन दे रहे थे। उन्होंने बच्चों को बोर्ड परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि परिणाम की चिंता किए बगैर अपना बेस्ट देने पर फोकस करें।




वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि व्यक्ति को अपने भीतर ऐसे मानवीय गुणों का विकास करना चाहिए जो उसके सफलता के लिए सहायक हो। लक्ष्य के प्रति समर्पण और परिश्रम करने की क्षमता बढ़ानी चाहिए। उन्होंने कहा कि इससे फर्क नही पड़ता कि आप असफल होते हो, अगर आप ईमानदारी से प्रयास करते हैं तो आगे बड़ी सफलता को जरूर प्राप्त करेंगे। उन्होंने अपनी शैक्षणिक और पारिवारिक पृष्ठभूमि पर चर्चा करते हुए बताया कि आईएएस बनने के लक्ष्य के साथ उन्होंने मेहनत की। परिस्थितियां कैसी भी हों, हमेशा अपना बेस्ट देने का प्रयास किया। इससे वे देश की सबसे कठिन परीक्षा पास करने में सफल रहे। आगे उन्होंने राजनीतिक जीवन में प्रवेश करने का निश्चय किया। इसके लिए भी लगातार मेहनत की।

इस मौके पर उन्होंने छात्रों के सवालों के जवाब दिए चिन्मय डनसेना ने पूछा कि परीक्षा के एक दिन पहले होने वाले तनाव को कैसे दूर करें। वित्त मंत्री चौधरी ने कहा कि परीक्षा के दौरान तनाव स्वाभाविक है। लेकिन आप यह ध्यान रखें कि पूरे साल भर के मेहनत का सार परीक्षा के 3 घंटों में निकलता है। इसलिए अपना मन शांत रखें और उन 3 घंटों में शांत चित्त से अपना बेस्ट देने पर फोकस करें। परिणाम की चिंता मत करें। इससे चिंता और तनाव के कारण होने वाली गलतियों की संभावनाएं भी काफी कम हो जाएंगी। गीता में भी कहा गया है कि व्यक्ति को कर्म करने चाहिए फल की चिंता नहीं करनी चाहिए। प्रयास अच्छा है तो परिणाम भी अच्छा होगा। सिर्फ टॉपर होना या स्कूल में अच्छे परसेंटेज लाना ही जीवन में सफलता की गारंटी नहीं है। कई सफल लोग अपनी स्कूली और कॉलेज की पढ़ाई में असफल हुए लेकिन जीवन में उन्होंने सफलता के कीर्तिमान रचे और जीनियस कहलाए। रामानुजन 12 वीं की परीक्षा में फेल हो गए थे, लेकिन आगे चल कर वे महान गणितज्ञ बने। मुंशी प्रेमचंद अपने प्रतिभा से शीर्ष साहित्यकारों में शुमार हुए। बिल गेट्स और स्टीव जॉब्स कॉलेज ड्रॉपआउट थे। लेकिन उन्होंने अपनी काबिलियत से जो काम किया आज वो इतिहास है।

एक छात्र ने जब वित्त मंत्री ओपी चौधरी से पूछा कि वे अपना सिलेबस रिवीजन कैसे करते थे तो उन्होंने बताया कि नोट्स बनाकर पढ़ने से रिवीजन अच्छा होता है। नोट्स ऐसा हो जिस पर एक नजर मारने से पूरा चैप्टर क्लियर हो जाए। रिवीजन परीक्षा की तैयारी का अहम हिस्सा है।

### पालक भी समझें बच्चों की योग्यता अनावश्यक न लादें उम्मीदों का बोझ

निधि बघेल ने पूछा कि कई बार माता पिता और शिक्षकों के उम्मीदों के अनुरूप प्रदर्शन करने को लेकर दबाव महसूस होता है, इसे कैसे दूर करें। इस पर वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि छात्र अपना बेस्ट दें और मन में यह भाव रखें कि मैंने अपनी क्षमता और योग्यता ने अनुरूप पूरा प्रयास किया है। कई बार परिणाम ऊपर नीचे हो सकते हैं। लेकिन इसको लेकर अनावश्यक दबाव नहीं लेना चाहिए। उन्होंने पालकों से भी अपील करते हुए कहा कि बच्चों की क्षमता को समझें। उसे बढ़ाने के लिए उनका मनोबल बढ़ाएं। उन पर उम्मीदों का बोझ बिलकुल न लादें। उन्हें हाई परसेंटेज लाने का प्रेशर न डालें। बच्चों को सकारात्मक माहौल देंगे और उनका आत्मविश्वास बढ़ाते रहेंगे तो वे उम्मीद से ज्यादा अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

### प्रयास संस्था और नालंदा परिसर से बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की मिलेगी सुविधा

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने बच्चों को आगे क्लैट, यूनिवर्सिटीज के एंट्रेंस एग्जाम के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं को लेकर जागरूक रहकर परीक्षा की तैयारी करने और उसमें शामिल होने की बात कही। उन्होंने बताया कि रायगढ़ में प्रयास संस्था खुलने जा रही है। पहली बार संभागीय मुख्यालय से बाहर रायगढ़ में यह संस्था खुलने जा रही है। यहां 11 वीं और 12 वीं के छात्रों को स्कूली शिक्षा के साथ आईआईटी, मेडिकल एंट्रेंस नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की नि:शुल्क सुविधा भी मिलेगी। यह एक आवासीय संस्था होगी। साथ ही यहां नालंदा परिसर भी खुलने जा रहा है। इन सुविधाओं से यहां के बच्चों को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारियों के लिए अच्छा माहौल मिलेगा। उन्होंने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि मेहनत ऐसा करो कि आपका हस्ताक्षर एक दिन ऑटोग्राफ बन जाए।

### इमोशनल इंटेलिजेंस भी सफलता के लिए बेहद जरूरी

प्राची गुप्ता ने पूछा कि आज आईक्यू के साथ इक्यू को भी सफलता के लिए जरूरी बताया जाता है, यह क्या होता है। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा आज के समय में इक्यू को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि आईक्यू बुद्धिमत्ता को दर्शाता है। वहीं इक्यू भावनात्मक गुणांक को बताता है। आज इमोशनल इंटेलिजेंस बहुत जरूरी है। यह विचार को लेकर भावनात्मक समझ और नकारात्मकता से निपटने में व्यक्ति की योग्यता को बढ़ाता है। यह बताता है कि हम अपने व्यक्तित्व को किस तरह से लेकर चल रहे हैं। किसी व्यक्ति का ईक्यू अच्छा होगा तो वह मन में आने नेगेटिव विचार के कारणों को समझ कर उसे दूर करने के लिए सही कदम उठा पाएगा। कठिन परिस्थिति में व्यक्तित्व बिखरेगा नही बल्कि उचित निर्णय ले पाएगा।

# मुख्यमंत्री ने हरदिहा साहू समाज के आदर्श विवाह में नव दंपतियों को दिया आशीर्वाद

- मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत 73 नवदंपतियों को 21-21 हजार रुपए की सहायता राशि और 32 प्रकार की दी गई उपहार सामग्री

श्रीकंचनपथ न्यूज

## मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने हरदिहा साहू समाज को 5 एकड़ भूमि का पट्टा प्रदान किया और बाउंड्री वॉल निर्माण के लिए 25 लाख रुपए देने की घोषणा की



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय राजधानी रायपुर के ग्राम कांदुल में आयोजित हरदिहा साहू समाज के सामूहिक आदर्श विवाह कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने नव दंपत्तियों को शुभाशीष दिया और उनके सुखमय एवं मंगलमय जीवन की कामना की। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर हरदिहा साहू समाज को आबंटित 5 एकड़ की भूमि का पट्टा प्रदान किया और आबंटित भूमि के बाउंड्री वॉल के लिए 25 लाख रुपए देने की घोषणा की। इसके साथ ही मुख्यमंत्री साय ने आदर्श विवाह में शामिल में 97 नव दंपतियों को मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना की सहायता राशि का चेक भी वितरित किए।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भक्त माता कर्मा को नमन करते हुए अपने संबोधन की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि भक्त माता का संपूर्ण जीवन मानवता की सेवा के लिए समर्पित रहा। उन्होंने रायगढ़ जिले के कुसुम नारा में वर्षों से तपस्या कर रहे संत सत्यनारायण बाबा का जिक्र करते हुए कहा कि वह भी साहू समाज से आते हैं। उनका मेरे जीवन में बड़ा प्रभाव रहा है। संत सत्यनारायण बाबा का आर्शीवाद से मेरे राजनैतिक और समाजिक जीवन में सफलता मिलती रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वास्तव में संत का कोई समाज नहीं होता, संत सभी के होते हैं।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि हरदिहा साहू समाज ने हर एक परिवार को अपने बच्चों की शादी सामूहिक आदर्श विवाह के माध्यम से करने की एक प्रशंसनीय पहल की है। उन्होंने साहू समाज की इस पहल को निर्भीक निर्णय बताते हुए इसकी सराहना की। उन्होंने कहा कि गरीब परिवारों के माता-पिता को अपने बेटियों के शादी की चिंता सदैव बनी रहती थी। बेटियों की शादी के लिए कर्ज लेने या संपत्ति बेचने तक की नौबत आ जाती थी। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह की तत्कालीन सरकार ने इस पीड़ा को समझा और उसे दूर करने के लिए मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना बनाई, जिसका लाभ आज तक उन गरीब परिवार की बेटियों को मिल रहा है।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने नई सरकार के शपथ ग्रहण उपरांत प्रदेश वासियों के हित में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि 18 लाख पात्र परिवारों को प्रधानमंत्री आवास देने का निर्णय, किसानों को दो वर्षो के बकाया धान के बोनस की राशि प्रदान करना, 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी और महतारी वंदन योजना के माध्यम से महिलाओं को 1000 रूपए प्रति माह दिए जाने के निर्णय लिए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीगढ़ में मोदी की गारंटी को हर हाल में हम पूरा करेंगें।

इस अवसर पर विधायक मोतीलाल साहू और पूर्व विधायक नंदकुमार साहू ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। आज हुए हरदिहा साहू समाज के आदर्श सामूहिक विवाह में 97 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ। इन नव दंपतियों में से पात्र 73 दंपत्तियों को मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत 21-21 हजार रुपए की सहायता राशि और 32 प्रकार की सामग्रियां उपहार स्वरूप दी गई। साथ ही दंपत्तियों को परिवहन भत्ता भी प्रदाय किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ हरदिहा साहू समाज के प्रदेश अध्यक्ष त्रिलोकी साहू, प्रदेश संरक्षक सोमनाथ साहू, छत्तीसगढ़ हरदिहा साहू समाज रायपुर परिक्षेत्र के अध्यक्ष डेरहा राम साहू सहित समाज के पदाधिकारीगण और बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद थे।

# जिले के सभी पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से करें लाभान्वित: प्रभारी मंत्री बघेल

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर।** प्रदेश के खाद्य, नागरिक आपूर्ति उपभोक्ता संरक्षण विभाग एवं जिले के प्रभारी मंत्री दयालदास बघेल ने राजिम के रेस्ट हाउस में केन्द्र एवं राज्य शासन की योजनाओं से संबंधित कार्यों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि जिले के अधिकारी शासन के मंशानुरूप कार्य करे। शासन द्वारा सभी वर्गो के हित के लिए योजनाएं संचालित की जा रही है। इसका लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने के लिए कहा हैं। इस अवसर पर राजिम विधायक रोहित साहू, कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल , वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अमित तुकाराम कांबले, वनमण्डलाधिकारी मणिवासगन एस, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रीता यादव सहित जिला अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने जिले के भौगोलिक स्थितियों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। मंत्री बघेल ने समीक्षा बैठक लेकर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आम जनता के समस्याओं का समयबद्ध तरीके से समाधान और पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करें। उन्होंने विभिन्न विभागों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को जरूरी मार्गदर्शन एवं निर्देश दिये हैं। खाद्य विभाग के समीक्षा में उन्होंने कहा कि सभी पहुंचविहीन केन्द्रों में खाद्यान्न का भण्डारण सुनिश्चित हो। सभी पात्र हितग्राहियों का राशन कार्ड बनाने, राशन कार्ड नवीनीकरण कराने, प्रधानमंत्री उज्ज्वला गैस कनेक्शन दिलाने, खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में उपार्जन केन्द्र से धान उठाव एवं जमा करने की जानकारी ली। इस पर अधिकारियों ने बताया कि उपार्जन केन्द्र से धान का उठाव 87 प्रतिशत हो चुका है। अविवादित नामांतरण, विवादित नामांतरण, खाता विभाजन, सीमांकन, व्यपवर्तन, जल जीवन मिशन के तहत प्रगतिरत एवं अप्रारंभ कार्यो की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सभी गांवो के नागरिकों को शुद्ध पेयजल मिले इसका विशेष ध्यान रखने के निर्देश देते हुए कहा कि जिन स्थलों के ठेकेदारों द्वारा सही तरीके से निर्माण कार्य नहीं किये जा रहे ऐसे ठेकेदारों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करे। मंत्री श्री बघेल ने लोक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग द्वारा बजट में स्वीकृत कार्यो की जानकारी लेते हुए उन कार्यो को शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देष दिये। इसके अलावा मनरेगा, जॉब कार्ड, भुगतान की स्थिति, ऑगनबाड़ी भवन, प्रधानमंत्री आवास योजना, बैंक लिंकेज, राष्ट्रीय ग्रामीण अजीविका मिषन, स्वास्थ्य सहित अन्य विभागीय कार्यो की जानकारी ली। वन विभाग के समीक्षा के दौरान वनमण्डाधिकारी ने बताया कि राज्य कैम्पा मद से 21 हजार से अधिक पौधों का रोपण किया जायेगा। किसान वृक्ष मित्र योजना के तहत जिले के 687 किसानों द्वारा 58 लाख से अधिक पौधे का रोपण किया गया है। वनधन योजना के क्रियान्वयन के लिए 216 ग्राम स्तर एवं 28 हॉट बाजार स्तर पर लघु वनोपज का कार्य किया जा रहा है। वनोपज के प्राथमिक प्रसंस्करण अंतर्गत 04 वन धन विकास केन्द्र की स्थापना देवभोग, मैनपुर, गरियाबंद एवं छुरा में किया गया है। वानिकी वर्ष 2023-24 में 38 प्रकार के लघु वनोपज को एमएसपी एवं 27 प्रकार के वनोपज को एसपी दर पर कुल 65 वनोपजों का संग्रहण किया जायेगा। पीएम जनमन योजना अंतर्गत वनधन केन्द्र विकास के स्थापना की गई है।


नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


















# अमरूद के तुरंत बाद नहीं खानी चाहिए ये चीजें, शरीर के लिए होगा खतरनाक साबित

हम अक्सर मौसम के मुताबिक अलग-अलग फल खाते हैं। इन्ही में फलों में अमरूद भी शामिल है। हम सभी लोग जानते हैं कि अमरूद सेहत के लिए फायदेमंद होता है। लेकिन अगर आपने अमरूद के तुरंत बाद कुछ चीजें खाते हैं, तो ये नुकसान भी करेगा। आज हम आपको बताएंगे कि अमरूद के तुरंत बाद क्या नहीं खाना चाहिए।



## अमरूद में विटामिन सी

बता दें कि अमरूद में विटामिन सी पाया जाता है। ऐसे में यदि आप इसे किसी मिल्क प्रोडक्ट के साथ खाएंगे तो ये आपके शरीर को कई तरह से नुकसान करेगा। बलराम चिकित्सालय लखनऊ के आयुर्वेदाचार्य डॉ. जितेंद्र शर्मा ने मीडिया से बातचीत में बताया कि अमरूद खाने के बाद किन चीजों को नहीं खाना चाहिए। क्योंकि ये सभी चीजें अमरूद के तुरंत बाद खाने से हेल्थ पर इसका बुरा असर पड़ता है।

## अमरूद खाने के बाद इन 5 चीजों का सेवन खतरनाक

**पानी:**- अमरूद खाने के बाद पानी पीना आपके वात-पित्त और कफ को असंतुलित कर सकता है। इस कारण सर्दी-जुकाम की समस्या हो सकती है। इसके अलावा ये आपके डाइजेस्टिव एंजाइम्स को भी नुकसान पहुंचा सकता है।

**केला:**- अमरूद खाने के बाद कुछ फलों को नहीं खाना चाहिए। उदाहरण के लिए केला नहीं खाना चाहिए। केला खाना पेट की कई समस्याओं का कारण बन सकता है। क्योंकि अमरूद एसिडिक पीएच वाला फल है और केला मीठा फल है। ऐसे में जब आप इन दोनों को एक साथ खाते हैं तो ये गैस, सिरदर्द और पेट से जुड़ी कई बीमारियों का कारण बन सकते हैं।

**दूध:**- अमरूद खाने के बाद दूध पीना आपके शरीर की कई समस्याओं को बढ़ाने का काम कर सकता है। ये पहले तो विटामिन सी के साथ रिएक्ट करता है और आपके पाचन क्रिया को स्लो कर देता है। इसकी वजह से आपके पेट में दर्द शुरू हो सकता है। इसके अलावा कब्ज की समस्या भी परेशान कर सकती है।

**दही:**- जानकारी के मुताबिक अमरूद के बाद दही का सेवन नहीं करना चाहिए। ऐसा करने से आपके पेट में ठंड पहुंचने का जोखिम बढ़ सकता है। इसके अलावा आपको उल्टी भी हो सकती है।

**छाछ:** अमरूद खाने के बाद छाछ का सेवन नहीं करना चाहिए। ये लंबे समय एसिडिटी का कारण बन सकता है और इससे आपका पेट खराब और पेट में दर्द शुरू हो सकता है।

# साथ-साथ चलते हैं स्ट्रेस और मोटापा इस तरह बॉडी में स्टोर करता है फैट

क्या आप जानते हैं कि आप जितना ज्यादा स्ट्रेस लेते हैं, मोटापा भी उतना ही बढ़ता है। दरअसल, स्ट्रोस और मोटापा एक तरह से लाइफस्टाइल डिसऑर्डर और एक-दूसरे से कनेक्टेड हैं। बिजी लाइफस्टाइल में आजकल जितना तेजी से स्ट्रेस बढ़ रहा है, मोटापा भी उतनी ही तेजी से आ रहा है। कई रिसर्च में भी यह बात साबित हुआ है। ऐसे में आइए जानते हैं स्ट्रेस और मोटापे में क्या कनेक्शन है और इससे क्या-क्या नुकसान हो सकते हैं।



## तनाव से मोटापे का खतरा, कैसे

नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन में पब्लिश एक स्टडी में बताया गया है कि मोटापा तनाव का कारण बनता है और तनाव मोटापे की। तनाव यानी स्ट्रेस कॉग्निटिव प्रोसेस जैसे सेल्फ रेगुलेशन प्रभावित करने का काम कर सकता है। इसकी वजह से कैलोरी, फैट और शुगर जैसे फूड्स की क्रेविंग बढ़ती है, जिससे शरीर सामान्य तरीके से काम नहीं कर पाता है। स्ट्रेस होने पर लेप्टिन और घ्रेलिन जैसे हार्मोन का उत्पादन बढ़ जाता है, जो भूख बढ़ाने के लिए जिम्मेदार होते हैं। ऐसे में बस खाने का मन करता है और ज्यादा खा लिया जाता है। इस ओवरईटिंग की वजह से मोटापा तेजी से बढ़ता है। ज्यादा समय तक स्ट्रेस में रहने से फिजिकल एक्टिविटीज भी कम होती है और बॉडी में फैट स्टोर हो जाता है। इससे नींद में भी कमी आती है, जो मोटापा बढ़ाने का कारण है।

## स्ट्रेस लेने पर बढ़ती हैं अनहेल्दी हैबिट्स

- स्ट्रेस में बॉडी में कॉर्टिसोल का लेवल बढ़ जाता है। जिसकी वजह से अनहेल्दी फूड्स की क्रेविंग बढ़ती है। ऐसे में इमोशनल ईटिंग होती है, जिससे वजन बढ़ सकता है।
- जब भी हम तनाव में होते हैं तो असंतुलित चीजें खाने लगते हैं। ऐसे ही तनाव में खाना न खाने की आदत भी डेवलप होती है, इससे अचानक से भूख बढ़ती है और ज्यादा खा लेते हैं।
- स्ट्रेस में रहने पर नींद प्रभावित होती है। सही तरह नींद पूरी न हो पाने के कारण बॉडी हार्मोंस असंतुलित होने का डर रहता है, जिससे कई हेल्थ इश्यूज हो सकते हैं।

## स्ट्रेस और मोटापा को रोकना है तो क्या करें

- क्रॉनिक स्ट्रेस जैसी समस्याओं को अनदेखा करने की गलती न करें।
- स्ट्रेस से बचने के लिए योग, मेडिटेशन पर ध्यान दें। एक्सरसाइज को दिनचर्या का हिस्सा बनाएं।
- स्ट्रेस ईटिंग अवॉइड करें। अपने आसपास हेल्दी चीजों को रखें, जिससे जरूरत पड़ने पर जंक फूड्स की बजाय सीड्स, नट्स जैसी चीजें खा सकें।
- स्ट्रेस ईटिंग को अवॉइड करने के लिए फुट मसाज ले सकते हैं, जो बेहद फायदेमंद है।
- स्ट्रेस ईटिंग से बचने के लिए रिलैक्स होना और ध्यान भटकाना जरूरी होता है। इसमें ब्लैक टी आपकी मदद कर सकता है।

# अनुपम खेर की विजय 69 ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर देगी दस्तक, पहला पोस्टर जारी

अनुपम खेर अपनी अगली फिल्म विजय 69 से लंबे समय से चर्चा में हैं। इस फिल्म का एलान मई 2023 में किया था। वहीं, नवंबर 2023 में एक्टर ने फिल्म की शूटिंग पूरी की थी। विजय 69 की शूटिंग पूरी करने के बाद एक्टर ने फैंस को बताया था कि उन्होंने अपनी अपकमिंग फिल्म विजय 69 की शूटिंग खत्म कर दी है। इसके बाद से अनुपम खेर के फैंस उनकी लीग से हटकर इस फिल्म की रिलीज का इंतजार है। अब अनुपम ने बता दिया है उनकी फिल्म जल्द रिलीज होने जा रही है। एक्टर अनुपम खेर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट साझा किया है। इस पोस्ट में उन्होंने फिल्म से नया पोस्टर भी शेयर किया है। इस पोस्टर को शेयर कर एक्टर ने लिखा है, अनाउंसमेंट, विजय रास्ते में आने वाली सभी कठिनाईयों को दूर कर रेस




जीतने की कोशिश में है, विजय 69 जल्द नेटफ्लिक्स पर आ रही है, जय हो।

बता दें, इस फिल्म को यशराज बैनर ने बनाया है। इस फिल्म का निर्देशन अक्षय रॉय ने किया है और मनीष शर्मा इस फिल्म के प्रोड्यूसर हैं। फिल्म का एलान कर एक्टर ने कैप्शन में लिखा था, एक और फन फिल्म आ रही है, स्पेशल राइड, यशराज एंटरटेनमेंट को अपनी तीसरी फिल्म विजय 69 का एलान कर बहुत खुशी हो रही है, यह फिल्म ओटीटी पर रिलीज होगी, यह फिल्म उस बूढ़े आदमी पर बेस्ड है, जो 69 साल की उम्र में ट्रायथलॉन प्रतियोगिता में हिस्सा लेने का फैसला करता है।

बता दें, ट्रायथलॉन एक ऐसा खेल है, जिसमें तैराकी, सड़क साइकिलिंग और डिसटेंस रनिंग को एक ही क्रम में पेश किया जाता है। अब अनुपम खेर के फैंस के लिए यह फिल्म किसी ट्रीट से कम नहीं हैं।

# रोहित शेट्टी के शो से वापसी कर रही हैं सनाया ईरानी?



एक बार फिर रोहित शेट्टी अपना शो खतरों के खिलाड़ी का 14वां सीजन लेकर आ रहे हैं। इसके लिए कंटेस्टेंट की तलाश भी शुरू हो गई है। इस शो में कई बड़ी हस्तियां शामिल होंगी। इस स्टंट बेस्ट शो का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस सीजन में बहुत कुछ नया हो सकता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, शो की लोकेशन भी बदल सकती है।

बता दें कि इस शो की शूटिंग कई सालों से केपटाउन में होती रही है लेकिन इस बार ये शो कथित तौर पर थाईलैंड या जॉर्जिया में होगा। हालांकि, अभी तक कुछ भी पुष्टि नहीं हुई है। मेकर्स इस बार एक से बढ़कर एक स्टंट करने का प्लान बना रहे हैं और इसलिए उन्हें एक ऐसी जगह की चाहिए है जो स्टंट के लिए सेफ हो सके।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, खतरों के खिलाड़ी 14 की कास्टिंग भी शुरू हो गई है और रिपोर्ट के मुताबिक, सनाया ईरानी को रोहित शेट्टी के शो का हिस्सा बनने के लिए अप्रोच किया गया है। ये भी कहा जा रहा है कि सनाया को पिछले सीजन में भी शो ऑफर किया गया था और उन्होंने इसके लिए हामी भी भर दी थी। लेकिन, आखिरी मिनट में चीजें बदल गई। अब, उन्हें फिर से शो ऑफर किया गया है और ऐसा लगता है कि इस बार चीजें ठीक हो जाएंगी। सनाया के अलावा और भी कई स्टार्स को शो के लिए अप्रोच किया गया है। ये रिश्ता क्या कहलाता है स्टार हर्षद चोपड़ा को शो के लिए अप्रोच किया गया है। इसके अलावा झलक दिखला जा 11 के स्टार्स शोएब इब्राहिम, अद्रिजा सिन्हा, संगीता फोगाट, विवेक दहिया और मनीषा रानी को कथित तौर पर ऑफर मिला है। बिग बॉस 17 से अंकिता लोखंडे, विक्की जैन, अभिषेक कुमार, मुनव्वर फारुकी, ईशा मालविया, समर्थ जुरेल, मन्नारा चोपड़ा, नील भट्ट को भी खतरों के खिलाड़ी 14 का ऑफर दिया गया है।

बिग बॉस ओटीटी 2 में नजर आई जिया शंकर और आकांक्षा पुरी को भी स्टंट आधारित रियलिटी शो के लिए अप्रोच किया गया है। लेकिन उनमें से किसी ने भी इस खबर की पुष्टि नहीं की है।

# लाइम ग्रीन कलर के गाउन में सारा ने दिखाया अपना किलर लुक



**सारा अली खान का शुमार हिन्दी फिल्म इंडस्ट्री की खूबसूरत और काबिल अदाकाराओं में किया जाता है। एक तरफ जहां लोग उनकी खूबसूरती पर मर मिटते हैं, वहीं उनकी बोल्डनेस और ग्लैम लुक के भी दीवाने हैं। सारा ने अपने फैंस को विजुअली ट्रीट किया है।**

सारा अली खान ने ग्रीन थाई हाई स्लिट कट ड्रेस में फोटोज शेयर किए हैं। वो लाइम ग्रीन कलर की गाउन ड्रेस में बेहद खूबसूरत लग रही हैं। एक्ट्रेस थाई-हाई कट ऑफ शोल्डर गाउन में बेहद बोल्ड अवतार में नजर आ रही हैं। जितनी हसीन वो हैं, उतना ही मस्त उनका अंदाज है।

एक्ट्रेस ने लेटेस्ट फोटोशूट में मिनिमम मेकअप, बेहद स्टाइलिश ईयररिंग्स के साथ अपने लुक को पूरा किया है। देखने वालों की नजरें उन पर टिक गई हैं। सारा अली खान स्टाइलिश क्वीन कही जाती हैं। उनका स्टाइलिश लुक देखकर हर किसी की आंखें खुली की खुली की खुली रह गई। उनका जादू फैंस के सर चढ़कर बोल रहा है।

फोटोशूट के दौरान सारा के फेस पर कमाल का ग्लो नजर आ रहा है। वो कर्वी फिगर फ्लॉन्ट करके दिलों का करार छीन रही हैं। फैंस को उनकी तस्वीरें बेहद पसंद आ रही हैं।

सारा अली खान जल्द ही फिल्म मर्डर मुबारक में नजर आएंगी। इसमें पंकज त्रिपाठी, विजय वर्मा, डिंपल कपाड़िया, करिश्मा कपूर और टिस्का चोपड़ा उनके साथ स्क्रीन शेयर करेंगी। एक्ट्रेस की ऐ वतन मेरे वतन और मेट्रो... इन दिनो भी रिलीज के लिए तैयार है।

# अदा शर्मा की बस्तरः द नक्सल स्टोरी का नया पोस्टर रिलीज

फिल्म द केरल स्टोरी से जबरदस्त पॉपुलैरिटी पाने वाली एक्ट्रेस अदा शर्मा अपकमिंग मूवी बस्तर: द नक्सल स्टोरी में अपना दमदार अभिनय दिखाने के लिए तैयार हैं। फिल्म का नया पोस्टर जारी किया गया। फिल्म का ट्रेलर 5 मार्च को रिलीज किया जाएगा। फिल्म के पोस्टर में एक्ट्रेस दो अलग-अलग अवतारों में दिखाई दे रही हैं। उनका एक लुक आईपीएस नीरजा माधवन का है, वहीं दूसरे में वह एक नक्सली लड़ाकू सैनिक के रूप में एक फील्ड ऑपरेशन पर है। अदा अपने कर्तव्य के प्रति समर्पित होकर नक्सलियों के खिलाफ लड़ाई में डटी हुई है।



पोस्टर को फिल्म निर्माताओं ने अपने सोशल मीडिया पर शेयर किया। जिसे कैप्शन दिया गया, कर्तव्य या प्रतिज्ञा: नक्सलियों के खिलाफ लड़ाई में अंत तक प्रतिबद्ध, 5 मार्च 2024 को बस्तर: द नक्सल स्टोरी का ट्रेलर आउट। फिल्म के पोस्टर में आईपीएस नीरजा माधवन की झलक दिखाई गई है, जिसे देखकर दर्शकों में उत्सुकता पैदा हो गई है।

निर्देशक सुदीप्तो सेन और निर्माता विपुल अमृतलाल शाह के साथ द केरल स्टोरी के बाद यह उनका दूसरा सहयोग है। फिल्म का ट्रेलर 5 मार्च को रिलीज होने के लिए तैयार है। निर्माताओं ने कहा है कि फिल्म में उन्होंने कई शहीदों के बारे में सच्चाई दिखाई है और बताया है कि कैसे सूडो इंटेलेक्चुअल्स चीन की फंडिंग से देश को बांटने का प्रोपेगेंडा चलाते हैं। विपुल अमृतलाल शाह की सनशाइन पिक्चर्स द्वारा निर्मित और आशिन ए शाह द्वारा सह-निर्मित, बस्तर: द नक्सल स्टोरी सुदीप्तो सेन द्वारा निर्देशित है। यह फिल्म 15 मार्च को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135, NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### कोई बच्चा पोलियो खुराक से न छूटे - कलेक्टर

**महासमुंद।** कलेक्टर प्रभात मलिक ने शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नयापारा में पल्स पोलियों बूथ का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर मलिक ने पल्स पोलियों बूथ पर उपस्थित बच्चो को पोलियो की खुराक पिलाई। जिले में आज रविवार 3 मार्च से 5 मार्च तक चलने वाले तीन दिवसीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान के दौरान 0 से 5 वर्ष तक की आयु के 115403 नौनिहालों को पोलियो की खुराक पिलायी जाने का लक्ष्य है। जिले में 1272 पोलियो बूथ पोलियो की खुराक देने स्थापित किए गए। इसके अलावा ट्रांजिट टीम तथा मोबाइल टीम गठित की गई। पल्स पोलियो बूथ पर दवा पिलाने के लिए कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। ज़िले के आंगनबाड़ी केंद्रों, प्राथमिक शाला, उप-स्वास्थ्य केंद्रों से लेकर प्राथमिक, सामुदायिक, जिला अस्पतालों, मातृ शिशु अस्पतालों में पोलियो की खुराक पिलाई गई। कलेक्टर प्रभात मलिक ने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को पल्स पोलियो बूथ पर लाकर पोलियो की दो बूंद अवश्य पिलायें। अभियान आज 03 मार्च को पोलियो बूथ पर दवा पिलाने के बाद सोमवार 04 मार्च एवं मंगलवार 05 मार्च को स्वास्थ्य कर्मी घर-घर दस्तक देकर छूटे हुए बच्चों को दवा पिलायेंगे। कलेक्टर ने इस बात के सख्त निर्देश दिए है कि कोई भी बच्चा दवा पीने से छूटने न पाए। पल्स पोलियो अभियान के लिए सभी खंड मुख्यालयों सहित बूथों में पोलियो वैक्सीन के पहुंचाने के पुख्ता इंतजाम किए गए है। ज़िले में अभियान के सफल संचालन के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा व्यापक तैयारियां की गई। कोई भी बच्चा दवा पीने से ना छूटे इसका विशेष ख्याल रखकर ट्रांजिट व मोबाइल टीमें गठित की गई है। बाजार स्थल, कारखानों एवं खदानों में कार्यरत श्रमिक महिलाओं के बच्चों को पोलियो की खुराक देने के विशेष इंतजाम किए गए है। रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड में सफर के दौरान 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की ड्राप पिलाने विशेष रूप से कर्मचारी तैनात करने के निर्देश कलेक्टर ने दिए हैं।

### राजिम कुंभ कल्प में सुरक्षा को लेकर पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था

**राजिम।** राजिम कुंभ कल्प मेले की सुरक्षा को लेकर पुलिस की तगड़ी व्यवस्था की गई है। मेला क्षेत्र से लगे तीन जिलों क्रमश: गरियाबंद, धमतरी और रायपुर की सीमा पर पुलिस चौकियों की व्यवस्था की गई है जहां पर पुलिस के जवानो सहित अर्द्धसैनिक बल होम गार्ड के जवान तैनात हैं। इन चौकियों के नियंत्रण के लिए मेला क्षेत्र में मुख्य मंच के पास एक पुलिस कंट्रोल रूम बनाया गया है जिसमें पुलिस के आला अधिकारी एसपी, एएसपी, डीएसपी सहित अन्य पुलिस अधिकारी संपूर्ण मेले की सुरक्षा व्यवस्था पर नजर रखे हुए है। गरियाबंद अनुविभागीय अधिकारी पुलिस पुष्पेंद्र नायक ने बताया कि राजिम मेला की सुरक्षा के मद्देनजर लगभग 1300 से ज्यादा पुलिस जवान तैनात है जिसमे 300 महिला पुलिसकर्मी, 4 पेट्रोलिंग पॉइंट 4 बाइक पेट्रोलिंग सुरक्षा व्यवस्था में तैनात हैं। आपराधिक घटना को रोकने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाये गये है जिसे कंट्रोल रूम में बैठे पूरे मेला परिसर की सुरक्षा व्यवस्था पर नजर रखी जा रही है। उन्होंने बताया कि 350 सीसीटीवी कैमरे की सहायता से पूरे मेला परिसर सहित लगभग 5 कि. मी. के सराउंडिंग एरिया में सुरक्षा व्यवस्था की गई है। मेला स्थल की ओर आने वाले सभी रास्तों के चौक चौराहों पर कैमरे से निगरानी की जा रही है। रात्रि कालीन गस्त में एसडीओपी नायक स्वयं सुरक्षा का जायज लेने के लिए पेट्रोलिंग करते है। इसके साथ ही अग्निशामक विभाग द्वारा फायर ब्रिगेड गाड़ियां भी मुस्तैदी के साथ चौबीसो घंटे किसी भी प्रकार की आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए खड़ी है।

# राज्य सरकार मड़ाई-मेला की महत्ता को बरकरार रखने प्रयास कर रही : विजय शर्मा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कवर्धा।** उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा कवर्धा के पीजी कालेज मैदान में आयोजित सरस मेला में शामिल हुए। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने प्रभु रामचन्द्र और मां सरस्वती की तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित एवं दिप प्रज्ववलित कर सांस्कृतिक कार्यक्रम का विधिवत शुभांरभ किया। उन्होंने इससे पहले सरस मेला का अवलोकन किया। महिला स्व-सहायता समूह की दीदियों ने उपमुख्यमंत्री शर्मा जी स्वागत और अभिनंदन किया।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा मेले के अवलोकन के दौरान सरस मेला के भव्यता देखकर बहुत अभिभूत हुए। उन्होंने दूसरे राज्यो से आई महिला स्व-सहायता समूह की सभी दीदियों का कवर्धा की इस धरती पर स्वागत और अभिनंदन किया। सरस मेला के पांचवे दिन पद्मश्री अनुज शर्मा और उनकी आरूग टीम के कार्यक्रम की प्रस्तुति से दर्शक झूम उठे।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने सरस मेले के पांचवे दिन की सासंस्कृति आयोजनों का विधिवत शुभांरभ करते हुए कहा कि



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में हमारी सरकार छत्तीसगढ़ की लोक पारम्परिक मड़ाई, मेला, उत्सव की महत्ता को बनाये रखने और छत्तीसगढ़ की मड़ाई मेले की इस संस्कृति को दूसरे राज्यो से जोड़ने के लिए विशेष प्रयास कर रही है। राज्य शासन द्वारा आयोजित सरस मेला का आयोजन भी इसी विशेष प्रयास का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार महिला स्व-सहायता समूह की दीदियों को आत्मनिर्भर बनाने का हर संभव प्रयास कर रही है। हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लक्ष्य स्व सहायता समूह की दीदियों की लखपति बनाने परिकल्पना भी इसी सरस मेला में भी होगा। हमारी सरकार चाहती है गांव में उद्यमिता का विकास हो। यहां रोजगार का सृजन का आधार बने और शहर अर्थव्यवस्था का आधार बने। इसी दिशा में हमारी सरकार काम कर रही है।

उपमुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि सरस मेला का आयोजन पूरे छत्तीसगढ़ में सिर्फदो जिला रायपुर और कवर्धा में हो रहा है। उन्होंने जिलेवासियो से आग्रह करते हुए कहा कि कवर्धा के पीजी कालेज मैदान में दस दिवसीय सरस मेला का आयोजन हो रहा है। आगामी 6 मार्च तक यह मेला आयोजित है। एक बार अपने परिवार के साथ जरूर आए। उन्होंने कहा कि सरस मेले में महिला स्व सहायता समूह दीदियों द्वारा तैयार की गई घरेलू सामान, मेले में धार्मिक ग्रन्थों का विशाल संग्रह भी देखने को मिला। उस संग्रह में प्रतियोगिता परीक्षाओं की किताबो का भी स्टाल मुझे दिखा है। पूरे भव्यता के साथ सरस मेला का आयोजन यहां हो रहा है। मेले में सभी लोगो का विशेष ख्याल रखा गया है। छत्तीसगढ़ की लोक पारम्परिक कला संस्कृति, स्कूली बच्चों का कार्यक्रम, शास्त्रीय संगीत, राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कवियों को भी यहां इस मेले में सुनने का अवसर मिला है।

सच मे यह एक अद्भुत आयोजन है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बाल कलाकार टिकेश्वर वैष्णव का स्वागत किया। बाल गायक टिकेश्वर वैष्णव आखों से दिव्यांग है। वह शासकीय श्रवण बाधित एवं श्रवण बधितार्थ विद्यालय सिघनपुरी में कक्षा पांचवी का छात्र है। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने बाल कलाकार विद्यार्थी टीकेश्वर वैष्णव की तारीफ की। उन्होंने इस बाल कलाकार का छत्तीसगढ़ के सुपरस्टार और धरसींवा विधायक अनुज शर्मा से परिचय कराया। उन्होंने कहा कि सरस मेला आज दो सुपर स्टार इस मंच का शोभा बढ़ा रहे है।

उपमुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि दिव्यांग टीकेश्वर वैष्णव का मेरा उनसे उनके बचपन से नाता है। मैं अपने जन्म दिन हर साल शासकीय श्रवण बाधित एवं श्रवण बधितार्थ विद्यालय पहुँच कर वहां के विद्यार्थियों के बीच अपना जन्मदिन मनाता हु। मैं अपनी खुशियां उन्हें बाटता हु और उन विद्यर्थियों के सारे गम, निराश कम करने का प्रयास करता हु। इसी बीच टीकेश्वर वैष्णव से बात हुई। बच्चों ने बताया कि टीकेश्वर भजन, कीर्तन और गाना बहुत अच्छा गाता है। मैंने उनसे कहा एकात की आज भजन सुना दो।

## नवा रायपुर के शान्ति शिखर में 88 वीं महाशिवरात्रि महोत्सव मनाया गया

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा नवा रायपुर के सेक्टर-20 स्थित एकेडमी फॉर ए पीसफुल वर्ल्ड-शान्ति शिखर में आयोजित महाशिवरात्रि महोत्सव का शुभारम्भ कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय प्रो. बलदेव भाई शर्मा, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के महानिरीक्षक साकेत कुमार सिंह, रायपुर संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी और राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी रश्मि दीदी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके किया।

इस अवसर पर कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय प्रो. बलदेव भाई शर्मा ने कहा कि शान्ति शिखर भवन में आयोजित प्रदर्शनी मनुष्यता के सही अर्थ को परिभाषित कर सुख, शान्ति और सौहार्द्र का पथ प्रदर्शित करता है। ब्रह्माकुमारी संस्थान द्वारा जीवन को जीने की कला को जिस सहजता और सरलता से सिखाया जाता है वह सराहनीय है। वास्तव में इसी से वसुधैव कुटुम्बकम् की भावना का साकार होगी। गृह सचिव अरूण देव गौतम ने कहा कि यहाँ आकर द्वादश ज्योतिर्लिंग का एक जगह दर्शन करने का सौभाग्य मिला। यह झाँकी बहुत ही सुन्दर एवं रोचक होने के कारण सभी के लिए दर्शनीय है। खासकर आज के दिशाहीन युवाओं और बच्चों के लिए उपयोगी है। यहाँ पर लगाई गई प्रदर्शनी से जीवन की अनेक समस्याओं का अध्यात्म के द्वारा समाधान करने की प्रेरणा मिलती है। केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के महानिरीक्षक साकेत कुमार सिंह ने कहा कि यहाँ आकर असीम शान्ति की अनुभूति हुई। उन्होंने इस सुन्दर आयोजन के लिए ब्रह्माकुमारी संस्थान को बधाई देते हुए कहा कि इस आयोजन से शिव भक्तों को आध्यात्मिक ज्ञान और राजयोग को जीवन में अपनाने की प्रेरणा मिलेगी।

## सबको करें जागरुक, कोई भी बच्चा ना छूटे पोलियो की दवा खुराक से-दिव्यांग पटेल

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायगढ़। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल एवं सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव ने आज रायगढ़ के शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गांधीनगर में बच्चों को पोलियों दवा की दो बूंद पिलाकर राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान की शुभारंभ की।




पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने पालकों को संबोधित करते हुए कहा कि जिस तरह आप जागरूक होकर बच्चों को पोलियों की ड्रॉप पिलाने पहुंचे है, इसी प्रकार अपने आस-पास के लोगों को भी जागरूक करें। कोई भी बच्चा पोलियों की ड्रॉप लेने से नही छूटना चाहिए। स्वास्थ्य कर्मी हमारे स्वास्थ्य के लिए कार्य करते है, तो हमारा भी कर्तव्य बनता है कि उनका सहयोग करें। सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव ने भी बच्चों को पोलियों की दवा की ड्रॉप पिलाने की अपील की। इस दौरान जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.बी.पी.पटेल ने पल्स पोलियो अभियान के संबंध के विस्तृत जानकारी दी।

इस अवसर पर पार्षद श्रीमती नीलम रज्जू संजय, डबल्यूएचओ डॉ.प्रशांत, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी गांधीनगर डॉ.जी. एस.पैकरा, आरएमएनसीएचए सलाहकार डॉ.राजेश मिश्रा, शहरी कार्यक्रम प्रबंधक श्री पीडी बस्तिया सहित स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे। जिले में तीन दिवसीय अभियान तहत शून्य से 0-5 साल तक के 1 लाख 34 हजार 297 बच्चों को पोलियो की दवा की खुराक दी जायेगी। जिसके लिए 1303 बूथ बनाया गया है, साथ ही 19 ट्रांजिट टीम, 13 मेला बाजार स्थल एवं 25 मोबाईल दल, जिसमें कुल 2730 सदस्य एवं 283 पर्यवेक्षक पल्स पोलियों अभियान में शामिल है। पहले दिन 03 मार्च को बूथ स्तर पर पोलियो की दवा पिलाई गई। इसी प्रकार 04 तथा 05 मार्च को बूथ गतिविधियों में छूटे हुए बच्चों को टीकाकरण टीम के द्वारा घर-घर भ्रमण कर बच्चों को पोलियो की दवा की खुराक दी जाएगी।

## कलेक्टर ने नन्हे हर्षित को उनके पहले जन्मदिन पर पिलाया पोलियो ड्रॉप

श्रीकंचनपथ न्यूज

गरियाबंद। गरियाबंद जिले में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत हो गई है। कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने ज़िला अस्पताल में नन्हे हर्षित को उनके प्रथम जन्मदिवस पर अपने हाथों से पोलियो की ड्रॉप पिलाकर अभियान की शुरुआत की। इस दौरान कलेक्टर अग्रवाल ने अपनी 3 वर्षीय पुत्री समृद्धि को भी पोलियो की ड्रॉप पिलायी।

अभियान के दौरान 0 से 5 वर्ष के बच्चों को दो बूंद पोलियो दवा पिलाई जा रही है। जिले में 90 हजार 982 बच्चों को पोलियो दवा पिलाया जाना है। इसके लिए जिले में 830 पोलियो बूथ बनाया गया है।आज राष्ट्रीय पल्स पोलियों अभियान का शुभारंभ के अवसर पर जिला अस्पताल गरियाबंद में सीएमएचओ डॉ.केसी.उरांव, डीपीएम सोनल ध्रुव,सिविल सर्जन डॉ. नाग व जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.बी.बारा मौजूद रहे। पल्स पोलियो अभियान के शुभारंभ अवसर पर कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने पल्स पोलियो अभियान के सफल संचालन एवं क्रियान्वयन के लिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग आपसी समन्वय करते हुये पल्स पोलियों अभियान को सफल बनाते हुये शत-प्रतिशत बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिला कर, पोलियो मुक्त अभियान में सहयोग करें। साथ ही कलेक्टर अग्रवाल ने समस्त पालकगणों से अनुरोध करते हुए कहा कि अपने 0 से 05 वर्ष तक के आयु समूह के बच्चों को नजदीक के पोलियों बुथ में ले जा कर पोलियों रोधी दवा पिलाते हुये पोलियों संक्रमण से अपने बच्चों को प्रतिरक्षित करें।

इस अवसर पर डॉ उरांव ने बताया कि प्रथम दिवस बूथ पर पोलियों पिलाया जा रहा है, इसी प्रकार दूसरा दिन 04 मार्च को घर- घर भ्रमण कर जो बच्चे बूथ पर छुट गये हे उन्हे पोलियों दवा पिलाया जायेगा व तीसरा दिन 05 मार्च को पहुंच विहीन क्षेत्रों में ट्रांजिट स्थानों, कठिन व कठिनतम क्षेत्रों में पोलियो दवा पिलाया जायेगा। इस हेतु समस्त स्वास्थ्य अमला जुटा हुआ है, जिसमें 3000 सदस्यों की ड्यूटी लगाई गई है व मोबाईल टीम भी सतत सक्रिय है।

## राष्ट्रीय पल्स पोलियों अभियान का जिला स्तरीय शुभारंभ

श्रीकंचनपथ न्यूज

**महासमुंद।** शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नयापारा में आज रविवार को राष्ट्रीय पल्स पोलियों अभियान का जिला स्तरीय शुभारंभ किया गया। उक्त शुभारंभ कार्यक्रम की शुरूआत महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के द्वारा बच्चों को पोलियों की खुराक पिलाकर किया गया 7 पल्स पोलियो अभियान 2024 शुभारंभ कार्यक्रम में उपस्थित अध्यक्ष नगर पालिका महासमुन्द राशि त्रिभुवन महिलांग, महेन्द्र सिक्का पूर्व पार्षद, हाफिज कुरैशी पार्षद द्वारा बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा मिली जानकारी अनुसार राष्ट्रीय पल्स पोलियों कार्यक्रम के अंतर्गत आज प्रथम दिवस गतिविधि में शून्य से 05 वर्ष के बच्चों को बूथ के अंतर्गत पोलियों की खुराक पिलाई जायेगी, द्वितीय और तृतीय दिवस में छुटे हुए बच्चों को घर-घर भ्रमण कर पोलियों की खुराक पिलाई जायेगी। जिला टीकाकरण अधिकारी द्वारा अपील करते हुए कहा गया की समस्त शून्य से 05 वर्ष के बच्चों को पोलियों की दवा जरूर पिलायें। छुटे हुए बच्चों को घर-घर भ्रमण के दौरान पोलियों टीम के सदस्यों द्वारा खुराक पिलाने में मदद जरूर करें। उक्त अवसर पर डॉ. व्ही.पी. सिंह, प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला महासमुन्द, डॉ. अरविन्द गुप्ता जिला टीकाकरण अधिकारी, श्रीमती नीलू घृतलहरे जिला कार्यक्रम प्रबंधक, डॉ. अजय सिंह ठाकुर, अनुपम शर्मा आरएमएनसीएचए सलाहकार, मनीष कश्यप, बेदराम साहू व्ही.सी.सी.एम. प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के समस्त अधिकारी कर्मचारी एवं बच्चों के पालकगण उपस्थिति रहें।

# सरकार ने दी रोजगार पंजीयन एवं नवीनीकरण के लिए ऑनलाइन सुविधा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू को जिला रोजगार एवं स्वरोजगर मागदर्शन अधिकारी ने विभागीय जानकारी में बताया कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने युवाओं को रोजगार पंजीयन एवं नवीनीकरण की ऑनलाइन सुविधा दी है। राज्य शासन की नई व्यवस्था के तहत वेबसाईट ईरोजगार डॉट सीजी डॉट जीओवी डॉट इन पर जाकर अपना नवीनीकरण पंजीयन करा सकते हैं।

संचालनालय, रोजगार एवं प्रशिक्षण रायपुर ने नवीन ई-रोजगार पोर्टल प्रचलन में लाया है। वे आवेदक जो पूर्व में रोजगार कार्यालय के पुराने पोर्टल में पंजीकृत हैं उन्हें नया पंजीयन, नवीनीकरण, अतिरिक्त योग्यता दर्ज यदि करना है तो उक्त पोर्टल का प्रयोग कर सकते हैं। नए आवेदक इस पोर्टल का सीधे ही प्रयोग कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि ई-रोजगार पोर्टल पर




पंजीयन हेतु महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए गए हैं,जिसके अंतर्गत यदि आवेदक पूर्व से ही प्रदेश के किसी भी जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र में पंजीकृत है तो दोबारा नया पंजीयन न करें। यदि वह अपने पंजीयन में किसी प्रकार का अपडेट अथवा नवीनीकरण करना चाहता है तो अपना पुराना पंजीयन क्रमांक डालकर आगे बढ़े। इसी प्रकार यदि आवेदक प्रदेश के किसी भी जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र में पूर्व में पंजीकृत नहीं है, तो नया पंजीयन बटन पर क्लिक करें। आवेदक पोर्टल में पंजीयन हेतु अपना मोबाईल नंबर दर्ज कर मोबाईल ओटीपी भेजें बटन पर क्लिक करें। तदुपरान्त मोबाईल पर प्राप्त ओ.टी.पी. की एंट्री कर मोबाईल ओ.टी.पी. सत्यापित कर बटन पर क्लिक करें। मोबाईल ओ.टी.पी. सत्यापित होने के पश्चात् आधार नंबर एवं आधार के अनुसार अंग्रेजी में अपना नाम दर्ज करें। आधार प्रमाणीकरण हेतु सहमति देवें, जिसके पश्चात् आधार ओ.टी.पी. भेजें बटन पर क्लिक करें। आधार में दर्ज मोबाईल नंबर पर प्राप्त आधार ओ.टी.पी. की एंट्री कर आधार ओ.टी.पी. सत्यापित कर बटन पर क्लिक करें। अन्य वांछित जानकारी भरकर सुरक्षित करें' बटन पर क्लिक करें। इसके पश्चात् आवेदक को नया पंजीयन क्रमांक प्राप्त होगा एवं आवेदक के मोबाईल पर ई रोजगार डॉट सीजी डॉट जीओवी डॉट इन पोर्टल पर लॉग इन करने हेतु यूजर आई.डी. (आवेदक का रजिस्टर्ड मोबाईल नंबर) एवं पासवर्ड प्राप्त होगा। ई रोजगार पोर्टल पर लॉग-इन करने हेतु जॉब सीकर लॉग इन पर क्लिक कर मोबाईल नंबर पर प्राप्त यूजर आई.डी. (आवेदक का रजिस्टर्ड मोबाईल नंबर), पासवर्ड एवं कैप्चा कोड की एंट्री कर लॉगन इन पर क्लिक करना है। लॉग-इनके पश्चात् आवेदक को अपना डैशबोर्ड दिखाई देगा जिसमें आवेदक अपना पंजीयन पहचान-पत्र (एक्स-10) कभी भी कहीं से भी प्रिंट कर प्राप्त कर सकता है। इस पहचान पत्र पर जिला रोजगार अधिकारी के हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं होगी। आवेदक पोर्टल पर अपना लॉग इन करके अपनी जानकारी केवल एक ही बार सुधार सकता है। जिसमें से आधार नंबर, मोबाइल नंबर, नाम एवं जन्मतिथि में परिवर्तन नहीं किया जा सकता।

यदि आवेदक को अपना नाम या जन्मतिथि सुधरवाना है, तो सम्बंधित जिला रोजगार कार्यालय में संपर्क करना होगा। रोजगार कार्यालय भी एक बार ही किसी आवेदक के पंजीयन में सुधार कर सकते हैं। यदि त्रुटिवश रोजगार कार्यालय के द्वारा एक बार में ही सभी आवश्यक सुधार नहीं किये जा सके, तो रोजगार कार्यालय को संचालनालय स्तर पर अनुरोध करना होगा। रोजगार कार्यालय पुराने पोर्टल में पंजीकृत आवेदकों की जानकारी अपडेट करने के पहले ये सुनिश्चित कर लें कि उस आवेदक का नवीनीकरण इस माह में नहीं किया जाना है। यदि आवेदक का नवीनीकरण इस माह में अथवा पिछले दो माहों में लंबित है तो उस आवेदक के लिए नवीनीकरण के विकल्प का चयन करें। यदि पंजीकृत आवेदक अपना पासवर्ड भूल गया हो तो उसे वेब पोर्टल ई रोजगार डॉट सीजी डॉट जीओवी डॉट इन पर जाकर जॉब सीकर लॉग इन पर क्लिक कर फॅरगेट पासवर्ड पर जाना होगा। तत्पश्चात् उसे अपने रजिस्टर्ड मोबाईल नंबर यूजर आईडी पर ओटीपी प्राप्त कर नया पासवर्ड बना सकते हैं।

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किड्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास खबर

### एसएस प्लाजा में युवक ने अपने ऊपर ज्वलनशील उड़ेल लगाई आग

**कोरबा (ए)।** पावर हाऊस रोड स्थित व्यावसायिक कांप्लेक्स एसएस प्लाजा परिसर में शनिवार देर रात एक युवक ने खुद पर ज्वलनशील पदार्थ उड़ेलकर आग लगा लिया। एकाएक हुई इस घटना से आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। कुछ लोगों ने मिलकर आग को बुझाया और युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना उपरांत डायल 112 और कोतवाली पुलिस पहुंची। पुलिस ने बताया कि एसएस प्लाजा में संचालित बालाजी बर्तन भंडार में उक्त युवक अजय काम किया करता था। संचालक विकास अग्रवाल विक्की ने पुलिस को बताया कि अजय उसके यहां कर्मचारी है और शादी में जाने की बात कह कर गत दो फरवरी को अपना हिसाब किताब कर पैसे लेकर छुट्टी पर चला गया। इसके बाद वह काम पर नहीं लौटा है। उसने 1500 रूपये एडवांस भी लिया हुआ है। अजय की पत्नी उसी के दुकान में काम करती है। संचालक विकास अग्रवाल की मानें तो पति- पत्नी के बीच किसी बात को लेकर अनबन थी और अजय आज उससे मिलने के लिए दुकान पहुंचा था। इसके कुछ देर बाद रात करीब 10 के बीच अजय ने एसएस प्लाजा से बाहर निकाल कर बंद सराफा दुकान के सामने खुद पर कोई ज्वलनशील पदार्थ उड़ेल कर आग लगा लिया।

### तेज रफ्तार ट्रेलर पलटने से चालक की मौत, हेल्पर घायल

**कोरबा।** जिले में एक बार फिर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला है। राष्ट्रीय राजमार्ग 130 में गुरसियां घाट के पास तेज रफ्तार ट्रेलर अनियंत्रित होकर पलट गया। घटना में चालक की स्थल पर ही मौत हो गया। वहां हेल्पर गंभीर रूप से घायल हो गया। देर रात हुई इस घटना की वजह से मृतक चालक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। सूचना मिलने पर स्थल पर डायल 112 व बांगो पुलिस ने घायल हेल्फर को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं चालक का शव मर्च्यूरी में रखा दिया है। सोमवार को पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। यहां बताना होगा कि राष्ट्रीय राजमार्ग के कटघोरा-अंबिकापुर व कटघोरा-बिलासपुर मार्ग में लगातार दुर्घटनाएं हो रही है। 10 दिनों के भीतर नौ मौत हो चुकी है। ब्लैक स्पाट चयन कर सुधार किया गया, पर तेज रफ्तार का कहर लगातार जारी है।

# अवैध गुटखा फैक्ट्री में जीएसटी विभाग की दबिश, भारी मात्रा में गुटखा बनाने का कच्चा सामान और मिक्सर मशीन बरामद

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ राज्य जीएसटी के ई वे बिल जांच दल ने एक मार्च को जांच के दौरान एक संदिग्ध वाहन का पीछा कर दुर्ग जिले के चंद्रखुरी मे संचालित अघोषित गुटखा फैक्ट्री में कार्रवाई की। इससे पहले संदिग्ध वाहन चालक ने जीएसटी जांच दल को चकमा देने की पूरी कोशिश की और पहचान छिपाने के लिए पैकिंग मटेरियल को जला दिया। हालांकि जांच दल के सदस्य फिर भी गुटखा फैक्ट्री तक पंहुच ही गए।



बता दें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि टैक्स चोरी करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी और टैक्स चोरी करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। इसी कड़ी में वित्त मंत्री ओपी चौधरी के निर्देश पर टैक्स चोरी करने वालों पर निरंतर कार्रवाई जारी है। जीएसटी विभाग के आईटी टूल्स द्वारा ई वे बिल जांच दल द्वारा निरंतर इसकी ट्रैकिंग की जा रही है। स्टेट जीएसटी की टीम कर चोरी पर निरंतर नजर रखे हुए है और लगातार इस संबंध में कार्रवाई हो रही है। इसका अच्छा परिणाम सामने आ रहा है। केवल एक सप्ताह के भीतर ही जीएसटी विभाग ने कार्रवाई कर 8 करोड़ रुपए टैक्स जमा कराये हैं।

अवैध गुटका फैक्ट्री मे बड़ी मात्रा में प्रतिष्ठित ब्रांड गुटखा कंपनियों के रैपर तथा गुटखे का कच्चा माल, सुपारी तंबाखू आदि बरामद गया है । फैक्ट्री में अवैध गुटका बनाने में इस्तेमाल की जा रही मिक्सर मशीन भी मिली है। यह फैक्ट्री कोमल फूड्स के नाम से संचालित थी। जीएसटी विभाग से मिली जानकारी के अनुसार इसी व्यवसायी के राजनांदगांव स्थित फैक्ट्री को भी जांच के दायरे मे लिया गया है । यहां भी गुटखा निर्माण करने के साक्ष्य मिले हैं।

गौरतलब है की वित्त एवं जीएसटी मंत्री ओपी चौधरी ने मोदी की गारंटी के अंतर्गत विकसित छत्तीसगढ़ बनाने और अगले पांच वर्षों में राज्य की जीडीपी को 10 लाख करोड़ रुपए पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। गुटखा पान मसाला और तंबाखू उत्पादों पर जीएसटी का स्लैब सर्वाधिक है। टैक्स के अतिरिक्त इन पर सैस भी लगता है , इसलिए इनमे कर चोरी की आशंका भी अधिक रहती है। स्टेट जीएसटी की टीम लगातार इस तरह के मामलों पर नजर रख रही है ।

जीएसटी विभाग द्वारा इसी सप्ताह तीन और व्यवसायियों की जांच कर लगभग 8 करोड़ रुपए टैक्स जमा करवाया गया है। इन फर्मों मे टैक्स की गड़बड़ी को आई टूल्स द्वारा फ्लेग किया गया था। इन सभी के द्वारा पिछले तीन सालों से आईटीसी क्लेम ज्यादा करते हुए टैक्स कम जमा किया जा रहा था। जांच के दौरान स्टॉक मे भी बड़ी मात्रा मे अंतर पाया गया।

## राजधानी में पत्नी की हत्या कर फांसी पर झूला पति, चरित्र शंका में उठाया खौफनाक कदम

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में पत्नी की हत्या के बाद पति ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। रविवार सुबह की इस घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। मामला कबीर नगर थाना क्षेत्र के सोनडोंगरी का है। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। शुरुआती जांच में पता चला है कि युवक अपनी पत्नी के चरित्र पर शक करता था और इसे लेकर दोनों के बीच आए दिन विवाद होता था। फिलहाल मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार सोन डोंगरी निवासी भरत लाल साहू फल बेचने का काम करता था। शनिवार रात को वह शराब के नशे में घर पहुंचा। घर पर बेटा



बहू के साथ उनकी एक बेटी है जो मानिसक रूप से विक्षिप्त है। बताया जा रहा है घटना के समय उसका बेटा व बहू दूसरे कमरे में थे। सुबह जब उसका बेटा उठा तो अपनी मां का खून से लथपथ शव देखा और पिता को फंदे पर लटकते पाया। इसके बाद उसने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा के बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### चरित्र पर संदेह बना हत्या की वजह

शुरुआती जांच व परिवार के लोगों से पूछताछ में पता चला कि भरत लाल व उसकी पत्नी का अक्सर विवाद होता था। भरत लाल अपनी पत्नी के चरित्र पर शक करता था और आरोप लगाता था। शनिवार को भी इसी बात को लेकर विवाद हुआ। विवाद बड़ा तो उसने अपनी पत्नी की हत्या कर दी। इसके बाद उसने खुद भी फांसी का फंदा बनाया और लटक गया। सुबह घर वालों को इसकी जानकारी हुई। कबीर नगर पुलिस ने फिलहाल मामले की जांच शुरू कर दी है।

## लूटपाट करने वाले दो युवक गिरफ्तार



**रायगढ़।** घरघोड़ा पुलिस द्वारा छाल-घरघोड़ा रोड़ पर दो युवकों से लूट की रिपोर्ट पर त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

आज सुबह थाना घरघोड़ा में ग्राम कलमी, खरसिया में रहने वाले वेद प्रकाश चौहान ने आवेदन देकर 1 मार्च को उसके साथ हुई लूटपाट की रिपोर्ट दर्ज कराया। रिपोर्टकर्ता ने बताया कि 29 फरवरी को अपने दोस्त पिताम्बर निषाद से मिलने घरघोडा आया था। दूसरे दिन 1 मार्च को घरघोडा से अपने गांव वापस मोटर सायकल पर जा रहा था जिसे सुबह करीब 6 बजे छाल रोड़ बैहामुडा संतोष ढाबा के पास दो युवक रोककर हथियार (चाकू) दिखाकर रुपये मांगे और उसके पास रखे 2,300 रूपये को लूटकर भाग गए।

घटना के बाद अपने दोस्तों और परिवारवालों को घटना बताया। घर परिवारवालों से सलाह के बाद 3 मार्च को रिपोर्ट लिखवाने थाना आया है। थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक शरद चन्द्रा द्वारा लूटपाट का अपराध दर्ज कर ग्राम बैहामुडा के बदमाश किस्म के युवकों की जानकारी मुखबिरों से ली गई और तत्काल अपने स्टाफ को माल मुल्जिम पतासाजी के लिये ग्राम बैहामुडा रवाना किया गया।

पुलिस टीम द्वारा संदेही जितेन्द्र साहू और उसके साथी गजेन्द्र सारथी उर्फ गज्जू निवासी बैहामुडा को हिरासत में लेकर घटना के संबंध में कड़ी पूछताछ किया गया। दोनों 1 मार्च के सुबह संतोष ढाबा के पास युवक से लूटपाट करना स्वीकार किए है,जितेन्द्र साहू से घटना में प्रयुक्त चाकू और आरोपी गजेन्द्र सारथी उर्फ गज्जू से लूट की रकम बरामद की गई है। घटना में आर्म्स एक्ट की धारा 25, 27 विस्तारित कर दोनों आरोपियों को लूटपाट और आर्म्स एक्ट की धाराओ में गिरफ्तार कर रिमांड बाद जेल दाखिल किया गया है।

## मरवाही में भालू के शावक का मिला शव, भालुओं के बीच संघर्ष से मौत की आशंका

**गौरेला-पेंड्रा-मरवाही (ए)।** गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले के मरवाही वन परिक्षेत्र में एक 3 महीने के नर शावक भालू का संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिला है। आशंका यह है कि भालुओं के बीच संघर्ष में चोट लगने से मौत हुई होगी। वन अमला की टीम मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है।

दरअसल, मरवाही वन मंडल के लटकोनीखुर्द गांव के पास जंगल में जब ग्रामीण अपने मवेशी चराने गए थे, तब भालू



के शावक का शव देखा गया। शावक के शरीर में चोट के निशान भी मिले हैं। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने वन कर्मचारियों को दी।

### अधिकारियों की मौजूदगी में हुआ पोस्टमार्टम

जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे वन कर्मचारियों ने पूरे मामले की जानकारी आलाधिकारियों को दी। जिसके बाद मरवाही वन मंडल के डीएफओ शशि कुमार घटना स्थल का जायजा लिया। वन मंडल अधिकारी की मौजूदगी में शावक के शव का पोस्टमार्टम करवाया गया।

### भालुओं के लड़ाई के आ रही थी आवाजें

वहीं, ग्रामीणों की माने तो रविवार की शाम जंगल की ओर से भालुओं के आपसी लड़ाई की आवाज आ रही थी। वन मंडल अधिकारी शशि कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम की जांच रिपोर्ट आने बाद ही मौत की सही वजह सामने आ पाएगी।


### ट्रक ने बाइक को मारी ठोकर युवक की मौत, दो अन्य घायल

**जांजगीर।** मेला देखने के बाद अपनी मौसी के बेटे और मामा की बेटी को बाइक में लेकर अपने घर लौट रहे युवक की बाइक को ट्रक चालक ने ठोकर मार दी, जिससे तीनों दूर छिटक गए और तीनों को चोटें आई। इसमें से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को इलाज के लिए बिलासपुर रेफर किया गया है। घटना शनिवार की रात करीब 10 बजे दुरपा मेन रोड की है।

शिवरीनारायण पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नगारीडीह निवासी राजाराम आदित्य मेला देखने के लिए 1 मार्च को अपने मामा गांव दुरपा गया था, दो दिनों से वह वहीं रूका। मेला देखने के बाद राजाराम आदित्य 2 मार्च की रात अपने मामा अशोक आदित्य की बाइक क्रमांक सीजी 22 वाय 0698 में अपनी मौसी के बेटे किशन आदित्य और मामा की बेटी नीतू आदित्य को लेकर मेला देखने के लिए शिवरीनारायण गया था। मेला से लौटते समय शिवरीनारायण- दुरपा मेन रोड में ट्रक के चालक ने बाइक को ठोकर मार दी, इसके बाद ड्राइवर भाग गया। जिससे तीनों गिर गए, राजाराम आदित्य के सिर में गंभीर चोट लगी और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। दो अन्य घायलों को एंबुलेंस से शिवरीनारायण अस्पताल पहुंचाया गया।

## ट्रक की टक्कर से बाइक चालक की मौत, केस दर्ज

**बैकुंठपुर।** वन विभाग में कार्यरत कर्मी काम करने के बाद बाइक से वापस घर लौट रहा था। इस दौरान एनएच-43 पर मनेंद्रगढ़ की ओर से आर रही ट्रक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। मामले में फूलपुर परसापानी निवासी प्रार्थी अजय किंडो की शिकायत पर चालक के खिलाफचरचा पुलिस ने केस दर्ज किया। पुलिस ने बताया कि 29 फरवरी की शाम 7 बजे वनकर्मी बाइक से बैकुंठपुर रेंज कार्यालय से फूलपुर स्थित घर के लिए रवाना हुआ था। खरवत चौक



के पास मनेंद्रगढ़ की ओर से आ रही ट्रक क्र. सीजी 29 एसी 3208 के चालक श्रीराम ने वनकर्मी को टक्कर मार दी। इससे वह सड़क पर गिर गया। हादसे के दौरान गंभीर चोट आने की वजह से वनकर्मी की मौत हो गई। वहीं रामकुमार को मामूली चोंट आई।

## नो पार्किंग में खड़े वाहनों पर कार्रवाई कर चालकों से 19 हजार वसूला जुर्माना

**जांजगीर (ए)।** पुलिस ने नैला फाटक से बलौदा मार्ग की ओर नो पार्किंग में खड़े भारी वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की है। सात भारी वाहनों के चालकों के विरूद्ध कार्यवाही कर मोटर अधिनियम के तहत 19 हजार रुपए का जुर्माना वसूला गया है।

यातायात पुलिस के अनुसार नैला फाटक से बलौदा मार्ग की ओर रोड़ किनारे खड़े भारी वाहनों के कारण रोड़ पर आवागमन में बाधा होती है व दुर्घटना होने की भी संभावना बनी रहती है। इसके लिए राइस मिल से आगे भारी वाहन खड़ी नहीं करने के संबंध में



सांकेतिक बोर्ड लगाया है। भारी वाहन चालकों व ट्रांसपोर्टरों को निर्देशित किया कि सांकेतिक बोर्ड के आगे रोड़ किनारे वाहन खड़ी नहीं करेंगे। इसके बावजूद भी रोड किनारे वाहन खड़ी करने पर मोटर व्हीकल एक्ट की धारा में कार्रवाई कर समन शुल्क वसूला गया।

# जंगल में पुलिस को देखकर भाग रहे पांच संदिग्धों को पुलिस ने किया गिरफ्तार, कुकर और टिफिन बम बरामद

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बीजापुर।** बीजापुर में जांगला थाना क्षेत्र के कोतरापाल के जंगल से पुलिस को देखकर भागने का प्रयास कर रहे पांच संदिग्धों को घेराबंदी कर पकड़ा गया। इनके कब्जे से कुकर बम, टिफिन बम सहित अन्य सामान बरामद किए गए हैं।

पुलिस के मुताबिक जांगला थाना व डीआरजी बीजापुर की टीम एरिया डॉमिनेशन व आरओपी ड्यूटी पर मल्लेपारा की ओर निकली हुई थी। इस दौरान कोटरापाल के जंगल पहाड़ी से कुछ संदिग्ध पुलिस पार्टी को देखकर छिपने व भागने का प्रयास कर रहे थे जिन्हें पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा। पूछताछ करने पर अपना नाम हड़मा मड़कामी उर्फ



बुडदा पिता भीमा मड़कामी उम्र 27 निवासी ईचवाडापारा पोटेनार, रमेश अवलम उर्फ बोज्जा पिता सुक्कू अवलम उम्र 23 निवासी मोकोडपारा गदामली, कुमारू लेकाम उर्फ महरु पिता पाकलु लेकाम उम्र 28 निवासी सरपंचपारा पोटेनार, मड्डुडा राम पोडियामी उर्फ अनिल पिता मासो पोडियामी उम्र 25 निवासी ककड़ीपारा कोतरापाल व बोमड़ा कुहरामी पिता हूंगा उम्र 35 निवासी बेंचरम स्कूलपारा जांगला थाना शामिल हैं। पकड़े गए संदिग्धों से दो कुकर बम, दो टिफिन बम, पांच मीटर कार्डेक्स वायर, 65 मीटर इलेक्ट्रिक वायर, दो डेटोनेटर व नक्सली बैनर पर्चा बरामद किया गया हैं। पकड़े गए संदिग्धों के विरुद्ध जांगला थाना में वैधानिक कार्यवाही के बाद न्यायिक रिमांड पर न्यायलय बीजापुर में पेश किया गया हैं।

### एक लाख की इनामी महिला नक्सली केएएमएस अध्यक्ष गिरफ्तार



बीजापुर के पामेड़ थाना क्षेत्र के जारपल्ली के जंगल से पामेड़ एरिया कमेटी की कमलापुर केएएमएस अध्यक्ष को सुरक्षाबलों ने गिरफ्तार किया है। पकड़ी गई महिला नक्सली पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित है। पुलिस ने बताया कि सुरक्षाबलों की सयुंक्त पार्टी पामेड़ थाना क्षेत्र के जारपल्ली और एमपुर की तरफ नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी। अभियान के दौरान सुरक्षाबल के जवानों ने जारपल्ली के जंगल से पामेड़ एरिया कमेटी अंतर्गत कमलापुर किसान आदिवासी मजदूर संगठन की अध्यक्ष रामबाई पिता स्व. लच्छा कट्टम पता कमलापुर थाना उसूर को पकड़ा गया। पकड़ी गई महिला के कब्जे से कुकर बम, जिलेटिन राड, कार्डेक्स वायर और टीसीओसी के संबंध में पाम्पलेट बरामद किया गया नहीं। पकड़ी गई महिला नक्सली पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित है। महिला नक्सली के खिलाफ पामेड़ थाना में विधिवत कार्रवाई के बाद न्यायिक रिमांड पर न्यायलय बीजापुर के समक्ष पेश किया गया है।

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें
9303289950, 9827806026
8962815243

भिलाई की सबसे बड़ी
चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RAKESH SINGH
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
पुष्पांजलि स्वीट्स के बाजू में, कृष्णा टाकिज रोड, रिसाली, भिलाई

भारतीय बैग हाउस
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

## खास - खबर

### राकेश श्रीवास्तव भोलू बने विधायक प्रतिनिधि



**भिलाई।** विधायक देवेंद्र यादव ने नगर पालिक निगम भिलाई में खुर्सीपार निवासी राकेश श्रीवास्तव भोलू को प्रतिनिधि नियुक्त किया है। निगम की सामान्य सभा, बजट बैठक और अन्य कार्यों में राकेश भोलू श्रीवास्तव प्रतिनिधि के रूप में शामिल हो सकेंगे। धार्मिक और सामाजिक कार्यों के लिए रहते है तत्पर राकेश श्रीवास्तव खुर्सीपार क्षेत्र और भिलाई में सामाजिक और धार्मिक कार्यों के लिए लगातार एक्टिव रहते हैं वह पिछले कई वर्षों से इन कार्यों में लोगों की मदद करते आ रहे हैं।

### विधायक गजेंद्र यादव ने बच्चों संग किया भोजन

**दुर्ग।** न्योता भोजन कार्यक्रम में पहुंचे विधायक गजेंद्र यादव ने बच्चों संग भोजन किया, उन्होंने पौष्टीक खान पान, स्वछता और पढ़ाई के बारे बच्चों को प्रोत्साहित किए। न्योता कार्यक्रम में बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति भी दी। प्रधानमंत्री पोषण अभियान के अंतर्गत तीतुरडीह स्थित मिडिल स्कूल में आज न्योता भोजन कार्यक्रम में विधायक गजेंद्र यादव शामिल हुए और उन्होंने बच्चों को न्योता के बारे में बताया और उनके साथ भोजन कर उनके साथ समय बिताया। विधायक को अपने बीच पाकर बच्चे उत्साहित नजर आए, इस दौरान विधायक ने मिडिल स्कूल के बच्चों के साथ चर्चा करते हुए पढ़ाई लिखाई, खान पान और स्वछता के बारे में बात किए। बच्चों को प्रेरित करते हुए लक्ष्य बनाकर पढ़ाई करे और स्वस्थ और सेहतमंद बने रहने खेल और योग प्राणायाम करे। कार्यक्रम में प्राचार्य एलिजाबेथ राय, प्रधान पाठक लता देवांगन लता , सीएससी महावीर राजपूत, श्वेता ताना, रीना वासनिक, अलका व्यवहार, रेवती सिरमौर, अर्चना दुबे, संतोष बघेल, किशोर अहिरवार, पार्षद कांशीराम कोसरे, अतुल पहाड़े, आशुतोष, अनिकेत, संतोष, मन्नू साहू उपस्थित रहे।

### जॉब फेयर में 632 युवाओं का चयन

**दुर्ग।** कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार जिला प्रशासन दुर्ग द्वारा संचालित सृजन रोजगार अभियान एवं जिला कौशल विकास प्राधिकरण के संकल्प परियोजना के अंतर्गत संजय रूंगटा ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशंस द्वारा पालीटेक्निक और आईटीआई के विद्याथियों के लिए जॉब फेयर का आयोजन किया गया। नोडल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर विजय ध्रुव ने बताया कि विगत 24 फरवरी को भिलाई कैम्पस आर-2 में आयोजित इस कार्यक्रम में टाटा मोटर्स, टाटा इलेक्ट्रॉनिक, इस्कोल, इसकेटीच, सिम्प्लेक्स, बजाज मोटर्स जैसी बड़ी कंपनियों सहित कुल 20 कंपनियों द्वारा 2700 रिक्त पदों के लिए साक्षात्कार लिए गए। इसमें कुल 632 विद्यार्थियों का चयन हुआ, 125 विद्यार्थी शॉर्ट लिस्ट किये गए।

### जिला अध्यक्ष के समक्ष दुर्ग शहर के सैकड़ो महिलाओं ने किया भाजपा प्रवेश

**दुर्ग।** भाजपा की रीति नीति से प्रभावित होकर दुर्ग जिला भाजपा कार्यालय में जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा के समक्ष वरिष्ठ भाजपा नेत्री पूर्व जिला उपाध्यक्ष मति शारदा गुप्ता (पूर्व पार्षद) के नेतृत्व में भूलन साहू, वंदना साहू, प्राची साहू, खेमलता देवांगन, बिमला साहू, रीता साहू, अनिता गुप्ता, शीला सुखदेवे, प्रिया साहू, सविता साहू, लालती साहू सहित सैंकड़ों महिलाओं ने भाजपा में प्रवेश लिया। इस दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की नीतियों और कार्यों से प्रभावित होकर पूरे देश भर में बड़ा जन समुदाय भाजपा में प्रवेश ले रहा है।

# पल्स पोलियो अभियानः पहले दिन 81 फीसदी बच्चों को पिलाया गया पोलियो ड्राप

## दुर्ग जिले में अभियान को मिली सफलता

- जिले के शहरी क्षेत्रों में सांसद, विधायक एवं अन्य जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने बच्चों को संरक्षित करने सक्रिय भागीदारी की
- पल्स पोलियों की दवा पिलाने में पालकों में स्वस्फूर्त उत्साह देखा गया





श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान के प्रथम चक्र के प्रथम दिवस 03 मार्च 2024 को सांसद विजय बघेल द्वारा सेक्टर 09 हॉस्पिटल, विधायक दुर्ग शहर गजेन्द्र यादव द्वारा शा. प्राथमिक शाला कसारीडीह साई मंदिर, नगर निगम भिलाई महापौर नीरज पाल द्वारा लाल बहा. शास्त्री चिकित्सालय सुपेला भिलाई में, तथा कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने युपीएचसी पोटियाकला में पोलियो ड्रॉप पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया।**


जिला के विकासखंड पाटन अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर ग्राम तर्रा के पोलियो बुथ में श्रीमती हर्षा लोकमणी चन्द्राकर सदस्य जिला पंचायत दुर्ग एवं धमधा में रमन लाल यादव पूर्व उपाध्यक्ष नगर पंचायत धमधा, तथा विकासखंड निकुम (दुर्ग) अंतर्गत सामु. स्वास्थ्य केंन्द्र निकुम में मनीष बेलचंदन उप सरपंच एवं डिकेन्द्र हिरवानी अध्यक्ष नगर पंचायत उतई और पार्षदगणो द्वारा टीकाकरण बूथों में उपस्थित होकर पोलियो ड्रॉप पिलाई। पल्स पोलियो अभियान के प्रथम चरण में कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे.पी. मेश्राम व जिला टीकाकरण अधिकारी के मार्गदर्शन में दुर्ग जिले में 03 मार्च 2024 को निर्धारित आयु वर्ग के लगभग 81 प्रतिशत बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर प्रतिरक्षित किया गया। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा रामय-समय पर अभियान की जानकारी एवं उपलब्धि के विषय में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से जानकारी लेते हुए सम्पूर्ण सफलता हेतु आवश्यक निर्देश दिये गये।

जिला स्वास्थ्य विभाग के कार्यक्रम अधिकारियों द्वारा 03 मार्च 2024 को प्रातः से शहरी क्षेत्र नगर निगम दुर्ग/भिलाई एवं विभिन्न विकासखण्डों के ग्रामों के टीकाकरण बुथां में मॉनिटरिंग की। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे. पी. मेश्राम, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. दिव्या श्रीवास्तव दुर्ग नगरीय क्षेत्र, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस. के. मेश्राम नगर निगम क्षेत्र रिसाली, जिला मलेरिया अधिकारी डॉ सी.बी.एस. बंजारे भिलाई टाउनशिप क्षेत्र व वि.खं. धमधा एवं डॉ. आर.के. खण्डेलवाल ने वि.खं. निकुम तथा भिलाई टाउनशिप क्षेत्र, डॉ. अनिल शुक्ला जिला कार्यक्रम अधिकारी ने विकासखण्ड पाटन, जिला कार्यक्रम प्रबंधक एनएचएम श्री पदमाकर शिंदे नगर निगम भिलाई एवं चरोदा क्षेत्र एवं अन्य सहयोगी संस्थाओं द्वारा भ्रमण कर मॉनिटरिंग की। विकासखंड क्षेत्रों में खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. देवेन्द्र बेलचंदन निकुम, डॉ. आशीष शर्मा पाटन एवं डॉ. डी.पी. ठाकुर धमधा में भ्रमण कर मानिटरिंग की। जिला टीकाकरण अधिकारी ने बताया कि अभियान के द्वितीय व तृतीय दिवस 04 व 05 मार्च 2024 को टीकाकरण दलों जिनमें स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी, आंगनबाडी कार्यकर्ता, मितानिन, कोटवार आदि द्वारा जिले के कुल 3.31 लाख घरों का भ्रमण कर अभियान के प्रथम दिवस को निर्धारित बुथ में न आने वाले छुटे हुए बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाया जायेगा।

सिविल सर्जन डॉ. ऐ. के. साहू द्वारा बताया गया कि जिला अस्पताल दुर्ग में 3 मार्च को जन्म लिए 22 नवजात शिशुमों को पोलियो ड्राप पिलाया गया तथा सेक्टर 9 बी. एस.पी. अस्पताल, निजि नर्सिंग होम में नवजात बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाया गया। इसके अलावा शहरी क्षेत्र दुर्ग व भिलाई के रेल्वे स्टेशन, बस स्टैण्ड, टेम्पो स्टैण्ड में ट्रांजिट टीम व ओवर ब्रिज के आसपास के झुग्गी झोपड़ी में मोबाईल टीम विशेष रूप से भ्रमण की। ग्रामीण क्षेत्रों के मेलें एवं मड़ई स्थलों, ईट मट्टी व फैक्ट्री क्षेत्र के आसपास, बाडी, नदी के किनारे की बसाहट में टीकाकरण दल द्वारा भ्रमण कर पोलियो खुराक पिलाई गई तथा 04 एवं 05 मार्च को भी इन क्षेत्रों में पिलाई जायेगी।

## शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद 9 और 10 मार्च को भिलाई में रहेंगे

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** ज्योतिष पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद, सरस्वती 3 मार्च को अपने 8 दिवसीय प्रवास पर छत्तीसगढ़ पहुंच रहे हैं। उनके समर्थक अशोक साहू ने बताया कि रायपुर विमानतल में सैकड़ों सनातनी उनका स्वागत करेंगे। ब्रह्मचारी डॉ. इंदुभवानंद की अगुवाई में वे शंकराचार्य आश्रम बोरियाकला आएंगे, फिर वहां से संत सम्मेलन उद्घाटन समारोह के लिए राजिम प्रस्थान करेंगे। वे 3 से 5 मार्च तक बोरियाकला में रहेंगे। 8 मार्च को शंकराचार्य के सानिध्य में सलधा सपाद लक्षेश्वर धाम में सवा लाख पार्थिव शिवलिंग का जलाभिषेक होगा। 9 मार्च को वे सलधा से भिलाई के लिए प्रस्थान करेंगे। इस दौरान धमधा में पादुकापूजन होगा। फिर भिलाई इंडस्ट्रियल एरिया हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में धर्मेंद्र यादव के नेतृत्व में शोभायात्रा के साथ हनुमान वाटिका में धर्मसभा के माध्यम से दर्शन व आशीर्वचन के बाद रात्रि विश्राम होगा। 10 मार्च की सुबह भिलाई से दुर्ग रेलवे स्टेशन पहुंचेंगे।

### पर्यावरण मित्रों ने की सेक्टर-2 के गार्डन में साफ - सफाई



**भिलाई।** भिलाई 7 पर्यावरण मित्र मंडल के नेतृत्व में रविवार को साप्ताहिक स्वच्छता अभियान डीएवी स्कूल के पास गार्डन सेक्टर-2 में चलाया गया। इस दौरान वरिष्ठ सदस्यों ने गार्डन के अंदर और बाहर घास-फूस, झाड़ियों की सफाई के साथ ही पॉलीथीन के कचरे को उठाया। बाहर बनी नाली की सफाई की। इस कार्य में बालूराम वर्मा, डीपी चौधरी, सियाराम कश्यप, एसके सेन, चंद्रशेखर सिंह संजय महाजन, मनोज चौबे, मारुति शंकर बल आदि ने सहयोग दिया।

### प्रदेश सरकार को बाबा की बारात का आमंत्रण

## दया सिंह ने सबसे मुलाकात कर दिया बारात में आने का न्यौता

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। महाशिवरात्रि के मौके पर 8 मार्च को भिलाई में बाबा की बारात निकलेगी। यह कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा। यह आयोजन का 16वां वर्ष है। बाबा की बारात के लिए 31000 से ज्यादा आमंत्रण कार्ड बांटे गए हैं। बोल बम सेवा एवं कल्याण समिति के अध्यक्ष व उप नेता प्रतिपक्ष दया सिंह ने बताया कि, आयोजन को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई हैं। देशभर की झांकियां आ रही है। स्थानीय कलाकारों को मौका दिया गया है।**



बोल बम सेवा एवं कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष दया सिंह ने बताया कि बारात की भव्यता इतनी होती है कि इसे देखने के लिए प्रदेश भर से लोग आते हैं। इस बार भी ये भव्यता कायम रहेगी।

इस बारात को सफ्ल बनाने के लिए आयोजक बोलबम सेवा कल्याण समिति के पदाधिकारी युवा विंगम, महिला विंग एवं सदस्य विगत दो माह से जुटे हुए है यह आयोजन का 16वां वर्ष है। देश के प्रधान मंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी, पदेश के मुख्यमंत्री माननीय विष्णुदेव साय पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधान सभाध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से लेकर केन्द्रीय मंत्री और राज्यपाल पूर्व केबिनेट मंत्री छ. ग. समेत गणमान्य नागरिकों व राजनेताओं को आमंत्रण कार्ड दिया गया है। सभी भोले बाबा की बारात में शिरकत करने पहुंच रहें है। अधिकांश लोगों ने आने की स्वीकृति दी है।

#### इन्हें दिया गया आमंत्रण

बोल बम सेवा एवं कल्याण समिति के अध्यक्ष दया सिंह ने अजय जामवाल केंद्रीय क्षेत्रय संगठन महामंत्री, स्पीकर डॉ. रमन सिंह, डिप्टी सीएम अरूण साव, पवन साय प्रदेश बीजेपी संगठन महामंत्री, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, लखनलाल देवांगन, टंकराम वर्मा, श्याम बिहारी जायसवाल, सांसद विजय बघेल, सुशांत शुक्ला, पुरंदर मिश्रा, डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, गजेंद्र यादव, विक्रम उसेंडी, धरमलाल कौशिक, अमर अग्रवाल ,आईपी मिश्रा, समेत अन्य प्रतिष्ठित लोगों को न्यौता दिया है।

## महाशिवरात्रि पर स्कंदाश्रम में महारुद्रम का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज




**दुर्ग।** भिलाई के स्कंदाश्रम में पांच दिवसीय महारुद्रम कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन का ये 15वां वर्ष है। स्कंदाश्रम के मुखिया शिवमणि स्वामी के निधन के बाद यह पहली बार होगा कि स्कंदाश्रम में महारुद्रम का आयोजन होगा। यहां अब तक महारुद्रम में शिवमणि स्वामी ही पारस शिवलिंग का अभिषेक करते थे। अब उसका अभिषेक कौन करेगा ये भी उसी दिन तय होगा। महारुद्रम कार्यक्रम की जानकारी देते हुए स्कंदाश्रम के छोटे गुरु रेड्डी ने बताया कि निंतर पन्द्रहवें वर्ष स्कंदाश्रम में महारूद्रम कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह महारूद्रम भिलाई नगरवासियों के लिए दुर्लभ है।

महारूद्रम परमेश्वर परब्रम्ह आराधना की विशेष पद्धति है। यह भव्य कार्यक्रम सेलम तमिलनाडु से आ रहे वी. भाग्यराज शात्रिगल और उनके सहयोगी वेदाचार्यों संपन्न कराएंगे।

यह आयोजन 5 मार्च मंगलवार से 9 मार्च शनिवार तक पांच दिनों का होगा, जिसमें गणपति पूजा से कार्यक्रम शुरू होगा और महासंगलपम, अनुग्नाई, महान्यासम, श्रीरुद्र जपम, अभिषेकम, दीपाराधनाई, क्रमा अर्चनाई और फिर हवन और भगवान शिव का अभिषेक किया जाएगा। रुद्रम और चमकम से होगी विशेष प्रार्थना स्कंदाश्रम परिवार की महासचिव और शिवमणि स्वामी की बेटी शिवरंजनी ने बताया कि कार (प्रणवं) इस ब्रम्हाण्ड की विशेष ध्वनि है। नाव भी एक ध्वनि है। भगवान शिव पंचाक्षरी मंत्र में स्वयं विद्यमान है। पंचाक्षरी मंत्र ऊद्रम में निहित है। रूद्रम 179 महामन्त्रो का समूह है, जिसमें से एक मंत्र महामृत्युंजय मंत्र है। चमकम भगवान शिव को अर्पण की जाने वाली एक विशेष प्रार्थना है, जो कि हमारी 338 इच्छाओं की पूर्ति करती है और चमकम का जाप हर एक रूद्रम के बाद किया जाता है।

वहीं सुरेंद्र सिंह केंबो ने जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम में रुद्राभिषेक में 11 वेदाचार्यों 1 बार रूद्रम और चमकम का जाप कुल 11 बार करेंगे। वहीं एकादशी रूद्राभिषेक वेदाचार्य 11 बार रूद्रम और चमकम का जाप कुल 121 बार होगा। महारूद्रम में उन वेदाचार्यों द्वारा 11 बार 11 काल में रूद्रम और चमकम का जाप इस तरह कुल 1331 बार जाप किया जाएगा। वहीं रुद्रम का जाप 11 बार ईश्वर के 11 स्वरूपों का ध्यान में रखकर किया जाता है।

**श्रद्धालुओं को होंगे ये सात लाभः** पंचपाद पापों से निवृति, दुःखों से निवृति, असाध्य रोगों से मुक्ति, गृह दोष निवृति, कार्य सिद्धि, मनोभय निवृति, द्रव्य प्राप्ति आदि लाभ प्राप्त होंगे। महासचिव शिवरंजनी ने बताया की पूर्व में महारूद्रम कार्यक्रम के दौरान स्कंदाश्रम के शिवमणि स्वामी ही पारस शिवलिंग का अभिषेक किया करते थे, लेकिन अब यह कौन करेगा अभी तक तय नहीं है। आगे कौन उनकी जगह पारस शिवलिंग का अभिषेक करेगा उसका आदेश भगवान की ओर से ही किसी संकेत के रूप में आता है, क्योंकि पारस शिवलिंग अलौकिक है। उसके अभिषेक करने का पहले भी आकाशवाणी स्वरूप आदेश हुआ था। जिसके बाद शिवमणि स्वामी अब तक यह कर रहे थे, लेकिन अब कौन करेगा ये उसी दिन पता चलेगा। उन्होंने यह भी कहा कि महारूद्रम का यह कार्यक्रम महामृत्युंजय मंत्र को एक लाख बार जाप करने के बराबर है।

## रामनवमी पर महाभोग के लिए भक्तों से लेंगे एक मुट्ठी दान

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** श्रीराम जन्मोत्सव समिति की जिला स्तरीय बैठक रविवार को सेक्टर -9 में हुई, जिसमें 17 अप्रैल को आयोजित होने वाले श्रीराम नवमी उत्सव और शोभायात्रा के संबंध में चर्चा की गई। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष व समिति के संरक्षक प्रेमप्रकाश पांडेय ने समिति द्वारा पूर्व में किए गए कार्यों का उल्लेख करते हुए प्रारंभिक वर्षों के आयोजन के बारे में बताया।

पांडेय ने कहा कि बीते वर्ष एक मुठ्ठी दान, प्रभु श्रीराम के नाम अभियान के तहत महाभोग के लिए 100 क्विंटल चावल व अन्य सामग्री संग्रहित की गई थी। इस वर्ष भी हर वार्ड से एक मुठ्ठी दान का संग्रह किया जाएगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं को आगामी लोकसभा के लिए भी राष्ट्रहित में कार्य करने का आह्वान किया। युवा शाखा अध्यक्ष मनीष पांडेय ने बताया कि 500 वर्ष के बाद अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण हुआ, इसके लिए समिति का 38 वर्षों का संघर्ष के साथ मूल उद्देश्य एव संकल्प पूरा हुआ।

जिलाध्यक्ष मदन सेन ने बताया कि हम इस वर्ष 1100 मंदिरों के लक्ष्य को पार करेंगे। सभी प्रखंडों मे आमजनमानस को उत्सव से जोड़ेंगे। कार्यकारी अध्यक्ष प्रवीण पांडेय ने भी विचार रखे। संचालन जिला महामंत्री अरविंद वर्मा, जोगिंदर शर्मा ने किया। प्रांतीय अध्यक्ष रमेश माने, तेज बहादुर सिंह, विष्णु पाठक, रविंद्र भगत, योगेंद्र पांडेय, मुरलीधर अग्रवाल, वीणा चंद्राकर, गिरिजा बंछोर उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950